केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण
सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com
के लिये विज्ञापन बुक कराये।
विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :45 अंक 200 शनिवार 10 फरवरी 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## एक नजर

### क्षत विक्षत शव बरामद

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। छावनी थानाक्षेत्र में शुक्रवार को पचवस फ्लाईओवर पर अज्ञात व्यक्ति का क्षत–विक्षत शव मिला। बताया जा रहा कि भोर से ही वाहन फोरलेन पर पड़े शव को रौंदते रहे। घटना की सूचना पाकर पहुंची छावनी पुलिस ने क्षत विक्षत शव को पोस्टमार्टम के लिए इकठ्ठा करवाया। थानाध्यक्ष छावनी सुभाष मौर्य ने बताया कि किसी वाहन की चपेट में आने से दुर्घटना हुई है। शव किसी अर्धविक्षिप्त का लग रहा है। ग्रामीणों से पूछताछ कर पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

थानाक्षेत्र में अयोध्या–बस्ती लेन के पचवस फ्लाईओवर पर शुक्रवार की एक अज्ञात शव मिला है। घटना भोर की बताई जा रही है। किसी हादसे का शिकार हुए व्यक्ति का शव फोरलेन पर करीब 15 मीटर दूरी तक फैल गया था। शुक्रवार की भोर से ही वाहन चालक फोरलेन पर पड़े शव को रौंदते रहे। मृत व्यक्ति ने काले रंग का जैकेट, लाल रंग का स्वेटर, काले रंग का लोअर, पहने हुए था। ग्राम प्रधान पचवस शैलेंद्र सिंह ने छावनी पुलिस को घटना की सूचना दी। फिलहाल पुलिस स्थानीय ग्रामीणों से मृतक की पहचान कराने में जुटी हुई है। बस्ती से आई फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए।

### सरयू के माझा में आबकारी ने किया छापेमारी

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

विक्रमजोत (बस्ती)। छावनी थानाक्षेत्र के बाघानाला, छतौना, सीतारामपुर के सरयू नदी की माझा क्षेत्र में आबकारी विभाग की टीम ने कच्ची शराब के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया।जिसमें बाघानाला के दक्षिण सरयू माझा में बड़े पैमाने पर कच्ची शराब की दो धधकती भट्टी व बड़ी मात्रा में लहन बरामद हुई।जिसे आबकारी व प्रवर्तन की संयुक्त टीम ने ध्वस्त कर दिया। आबकारी निरीक्षक हर्रैया अंगद गौड ने बताया कि 60 लीटर अबैध कच्ची शराब के अलावा 600 किलोग्राम लहन बरामद हुआ वहीं सक्रिय दो भट्ठियों को नष्ट किया गया। छानबीन के दौरान मिली जानकारी पर दो अज्ञात लोगों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है। छापेमारी अभियान मे आबकारी निरीक्षक शत्रुघ्न आबकारी सिपाही रामबृक्ष प्रधान, विवेक चौधरी धनजंय कुमार, मानसिंहं, आशुतोष, विनोद सोनकर शामिल रहे।

### आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ की बैठक 11 को



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ शाखा बस्ती की जिलाध्यक्ष रतनबाला श्रीवास्तव ने बताया कि संघ के जिला कार्यकारिणी की बैठक 11 फरवरी रविवार को बैरिहवा स्थिति संघ कार्यालय पर होगी जिसमें जिला एवं परियोजना स्तरीय संघ पदाधिकारी भाग लेंगे।

एक विज्ञप्ति के माध्यम से उन्होंने बताया कि बैठक में संघ के जिला कार्यकारिणी समिति के चुनाव हेतु सम्मेलन की तिथि तय करने, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओ की समस्याओं, शोषण उत्पीड़न, विभाग द्वारा पुनः नया मोबाइल फोन एवं इन्टरनेट की धनराशि उपलब्ध कराने, लोकसभा चुनाव में आंगनवाड़ी कर्मियों की भूमिका तय करने, कोटेदारों द्वारा बच्चों का खाद्यान्न हडपने, संघ के विस्तार, 2012 के बाद आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं की एवं सुपरवाइजर, सीडीपीओ, लिपिक के भारी संख्या में रिक्त पदों पर नई भर्ती न होने से उत्पन्न कठिनाइयो आदि पर विचार–विमर्श किया जायेगा।

जिलाध्यक्ष रतनबाला श्रीवास्तव ने जिला एवं परियोजना स्तरीय संघ के पदाधिकारियों से रविवार की बैठक प्रत्येक परियोजना इकाई से कम से कम 05 पदाधिकारियों द्वारा भाग लेने का आग्रह किया है।

# चौधरी चरण सिंह, नरसिम्हा राव एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न




**नई दिल्ली (आभा)।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह पूर्व पीएम नरसिम्हा राव और हरित क्रांति के जनक डॉक्टर एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न दिया जाएगा। पीएम मोदी ने शुक्रवार को खुद ये बड़ा एलान किया है। पीएम ने एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है। पीएम ने कहा कि यह सम्मान देश के लिए उनके अतुलनीय योगदान को समर्पित है।

पीएम मोदी ने शुक्रवार को बड़ा एलान किया है। एक ही दिन में देश की तीन हस्तियों को भारत रत्न से सम्मानित करने की घोषणा की गई है। पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह, नरसिम्हा राव और हरित क्रांति के जनक एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न मिलेगा।

पीएम मोदी ने एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा है कि हमारी सरकार का यह सौभाग्य है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जा रहा है। यह सम्मान देश के लिए उनके अतुलनीय योगदान को समर्पित है। उन्होंने किसानों के अधिकार और उनके कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था।

उन्होंने ये भी लिखा कि वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हों या देश के गृहमंत्री और यहां तक कि एक विधायक के रूप में भी, उन्होंने हमेशा राष्ट्र निर्माण को गति प्रदान की। वे आपातकाल के विरोध में भी डटकर खड़े रहे। हमारे किसान भाई–बहनों के लिए उनका समर्पण भाव और इमरजेंसी के दौरान लोकतंत्र के लिए उनकी प्रतिबद्धता पूरे देश को प्रेरित करने वाली है।

पीएम ने अपनी अगली पोस्ट में लिखा कि नरसिम्हा राव ने एक प्रतिष्ठित विद्वान और राजनेता के रूप में विभिन्न क्षमताओं में भारत की बड़े पैमाने पर सेवा की। पीएम ने ये भी लिखा कि प्रधानमंत्री के रूप में नरसिम्हा राव का कार्यकाल महत्वपूर्ण उपायों के लिए याद किया जाएगा। उनके कार्यकाल में भारत को वैश्विक बाजारों के लिए खोल दिया गया था, जिससे आर्थिक विकास के एक नए युग को बढ़ावा मिला।

देश में हरित क्रांति के जनक कहने जाने वाले एमएस स्वामीनाथन को भी भारत रत्न देने का एलान किया गया है। पीएम ने पोस्ट में लिखा कि भारत सरकार कृषि और किसानों के कल्याण में हमारे देश में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. एमएस स्वामीनाथन जी को भारत रत्न से सम्मानित कर रही है। उन्होंने चुनौतीपूर्ण समय के दौरान भारत को कृषि में आत्मनिर्भरता हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और भारतीय कृषि को आधुनिक बनाने की दिशा में उत्कृष्ट प्रयास किए।

# रालोद शुरू करेगी सियासत की नई पारी

**लखनऊ (आभा)।** रालोद के एनडीए में शामिल होने की चर्चाओं पर विराम लगता दिखाई दे रहा है। गठबंधन के लिए भाजपा के साथ रालोद के बातचीत अब अंतिम दौर में मानी जा रही है। रालोद के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजित सिंह के जन्म दिवस पर बड़ी घोषणा हो सकती है। ऐसे संकेत रालोद की तरफ से मिलने



लगे हैं। गुरुवार को रालोद नेताओं के सुर बदले नजर आए।

चौधरी अजित सिंह का जन्म दिवस 12 फरवरी को है। सियासी हलकों की चर्चा के मुताबिक इस तिथि के आसपास ही रालोद के एनडीए में जाने की औपचारिक घोषणा हो सकती है। फिलहाल 12 फरवरी को प्रस्तावित छपरौली में अजित सिंह की आदमकद प्रतिमा के लोकार्पण का कार्यक्रम टाल दिया गया है। उम्मीद की जा रही है कि अब नई राजीतिक बेला और समीकरणों के साथ यह कार्यक्रम होगा। यहीं से रालोद का चुनावी शंखनाद भी होगा। उधर, नौ फरवरी तक संसद का सत्र समाप्त होने के साथ यूपी विधानमंडल का सत्र भी 10 फरवरी को समाप्त हो जाने की संभावना है। ऐसे में पार्टी नेताओं का मानना है कि 12 फरवरी या उसके आसपास ही कोई घोषणा होगी। सूत्रों के मुताबिक, भाजपा और रालोद के बीच सीटों पर वार्ता अंतिम दौर में मानी जा रही है। रालोद की तरफ से छह सीटों का प्रस्ताव है।

# समीक्षा और सहायक समीक्षा अधिकारी पदों के लिए परीक्षा 11 को

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । समीक्षा और सहायक समीक्षा अधिकारी के पदों के लिए परीक्षा 11 फरवरी को दो पालियों में जनपद के 39 विद्यालयों में संपन्न होगी। जिलाधिकारी अंद्रा वामसी ने नकलविहीन तथा शुचितापूर्ण परीक्षा संपन्न करने के लिए सभी केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित तैयारी बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि प्रत्येक केंद्र पर एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। सभी 39 परीक्षा केंद्रो के लिए 13 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। प्रत्येक केंद्र पर दो महिला एवं दो पुरुष सिपाहियों की तैनाती होगी, जो परीक्षार्थियों की चेकिंग करेंगे। सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में संपूर्ण परीक्षा संपन्न होगी। उन्होंने निर्देश दिया है कि इसमें किसी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी।

परीक्षा के नोडल अधिकारी एडीएम कमलेश चंद्र ने कहा है कि प्रश्न पत्र एवं दो प्रति में उत्तर पंजिका अभ्यर्थी को दी जाएगी। अभ्यर्थी कार्बन कॉपी अपने साथ ले जाएंगे तथा उत्तर पुस्तिका की पहली प्रति जमा करेंगे। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही ना हो। जिला विद्यालय निरीक्षक जगदीश शुक्ला ने बताया कि जनपद के 39 विद्यालयों में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 16320 अभ्यर्थी इस परीक्षा में भाग लेंगे। उन्होंने कोषागार से प्रश्न पत्र केंद्र तक ले जाने, परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों की जॉच और सुरक्षा के लिए तथा ट्रैफिक व्यवस्था के लिए पुलिस ड्यूटी लगाने का अनुरोध किया है।

बैठक में आयोग से आए हुए अधिकारियों ने संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया की जानकारी दिया। इसमें मुख्य कोषाधिकारी अशोक प्रजापति, पीडी राजेश झा, उप जिलाधिकारी मोहन प्रकाश, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमर सिंह, समाज कल्याण अधिकारी श्रीप्रकाश पांडेय, सभी सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा केंद्र व्यवस्थापक उपस्थित रहे।

# नशे में धुत बेटे ने बाप को मार डाला

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। जिले के मुंडेरवा थानाक्षेत्र के कसैला गांव में शुक्रवार की रात ने नशे में धुत बेटे ने अपने बुजुर्ग बाप की पीट–पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की छानबीन शुरु कर दी है। हत्या की वजह अवैध संबंध बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस बेटे को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

कसैला गांव निवासी राजाराम (70) का उसके बेटे के साथ पहले झगड़ा हुआ बाद में बेटे ने पीट–पीटकर अधमरा कर दिया। बाद में घायल बाप को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर इलाज के दौरान राजाराम ने दम तोड़ दिया। इस सिलसिले में पूछे जाने पर एसओ कमलेश गौड़ ने बताया कि बुजुर्ग राजाराम का बेटा अर्जुन नशे का आदती है। आए दिन शराब पीकर घर में झगड़ा किया करता था। शुक्रवार की रात भी उसने अपने पिता से झगड़ा किया और पिटाई कर दी। पिटाई से गंभीर रूप से घायल राजाराम को जिला अस्पताल ले गया, जहां पर उसकी मौत हो गई। उसके बाद अर्जुन डेडबाडी लेकर घर पहुंचा। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने लाश को कब्जे लेकर पीएम के लिए भेज दिया गया। आरोपी अर्जुन को हिरासत में लेकर मामले की तहकीकात शुरू कर दी गई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी रुधौली कसैला गांव पहुंचे और घटना के संबंध जानकारी ली। मुंडेरवा पुलिस को विधिक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# प्रमुख सचिव का बस्ती भ्रमण 12 को, तैयारियों में जुटा प्रशासन

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा का आगामी 12 फरवरी को जनपद बस्ती में भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित तैयारी बैठक में जिलाधिकारी अंद्रा वामसी ने उक्त जानकारी दिया। उन्होने बताया कि मुख्य सचिव दिनॉक 11 फरवरी रविवार सायंकाल को जनपद में आयेंगे। उन्होने बताया कि 12 फरवरी को प्रातः 09.30 बजे मण्डलीय अधिकारियों के साथ आयुक्त सभागार में समीक्षा बैठक करेंगे। यहॉ पर परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण भी करेंगे। 12 बजे से विकास खण्ड कप्तानगंज के बढनी मिश्र गॉव जायेंगे, विभिन्न विभागो के




स्टाल का निरीक्षण करेंगे, लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ प्रदान करेंगे तथा ग्रामवासियों को सम्बोधित करेंगे।

उन्होने बताया कि 1.15 बजे से बंजरिया फार्म इण्डो इजराइल केन्द्र का निरीक्षण करेंगे, प्रशासनिक भवन, छात्रावास तथा मशरूम उत्पादकता केन्द्र का लोकार्पण करेंगे तथा किसानों से वार्ता करेंगे। 03 बजे से गढा गौतम ग्राम में ओडीओपी सेण्टर का निरीक्षण करेंगे। इसके पश्चात् मखौड़ाधाम में निरीक्षण करते हुए कार्यक्रम में शामिल होंगे। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौपते हुए कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने का निर्देश दिया है।

बैठक में सीडीओ जयदेव सीएस, सीएमओ डा. रमाशंकर दुबे, एडीएम कमलेश चन्द्र, सीआरओ संजीव ओझा, डीडीओ संजय शर्मा, मुख्य कोषाधिकारी अशोक कुमार प्रजापति, समस्त एसडीएम, उप निदेशक कृषि अशोक कुमार गौतम, ईओ नगरपालिका सत्येन्द्र सिंह, डीपीआरओ रतन कुमार, कृषि अधिकारी डा. राजमंगल चौधरी, उपायुक्त उद्योग हरेन्द्र प्रताप, समाज कल्याण अधिकारी श्रीप्रकाश पाण्डेय, बीएसए अनूप तिवारी, पशु चिकित्साधिकारी, उद्यान अधिकारी धर्मेन्द्र चौधरी, क्षेत्राधिकारी पुलिस विनय चौहान, संबंधित बीडीओ सहित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# पाकिस्तान के नतीजों में चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर उठे सवाल

**लाहौर (आभा)।** पाकिस्तान में शुक्रवार से आम चुनाव के नतीजे आ रहे हैं जिसे लेकर अब पाकिस्तानी चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) ने पहले दावा किया कि पार्टी 154 सीटों पर आगे चल रही है और प्रधानमंत्री पद के सबसे बड़े दावेदार नवाज शरीफ मनसेहरा और लाहौर दोनों सीटों से चुनाव हार रहे हैं लेकिन अचानक से बाजी पलट गई और वो लाहौर नेशनल असेंबली सीट से भारी अंतर से जीत गए हैं।

हालांकि, मनसेहरा में उन्हें पीटीआई समर्थक उम्मीदवार से हार का सामना करना पड़ रहा है. सोशल मीडिया पर सैकड़ों की संख्या में वीघडियो वायरल हो रहे हैं जिसमें मतदान केंद्रों में धांधली का दावा किया जा रहा है।

पाकिस्तान में चुनाव परिणाम को जारी करने की देरी के बीच खबर आ रही है कि मुख्य चुनाव आयुक्त सिकंदर



सुल्तान रजा गायब हैं. 8 फरवरी, गुरुवार को हुई वोटिंग उसी दिन शाम 5 बजे समाप्त हो गई लेकिन इसके दस घंटे से भी अधिक समय बाद जाकर पहले नेशनल असेंबली सीट की आधिकारिक नतीजों की घोषणा हुई. पाकिस्तानी चुनाव आयोग ने नतीजों में देरी के लिए इंटरनेट पर पाबंदी को जिम्मेदार ठहराया है।

पाकिस्तान के प्रमुख अखबार डॉन ने लिखा है कि मतगणना के शुरुआती नतीजों ने लोगों को चौंका दिया. नवाज शरीफ की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग–नवाज नतीजों से निराश दिखी और इसके नेता कहीं नजर नहीं आ रहे थे। शुरुआती मतगणना में टीवी चैनलों पर पीटीआई के समर्थन से चुनाव में उतरे उम्मीदवारों को बढ़त मिलती दिखी. पहले तीन नेशनल असेंबली की सीटों में पीटीआई समर्थित उम्मीदवारों को लगभग विजेता बता दिया गया. लेकिन इसके कुछ ही समय पर टीवी चैनलों पर मतदान केंद्रों से आने वाले नतीजों की रिपोर्टिंग धीमी पड़ गई. कुछ टीवी चैनलों ने तो पीटीआई को मिल रही बढ़त को लेकर अपने आंकड़े बदलने शुरू कर दिए।

# चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिये जाने पर प्रसन्नता

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भी भारत रत्न दिये जाने की घोषणा से प्रसन्नता की लहर है। शुक्रवार को राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव अरूणेन्द्र पटेल के संयोजन में पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर खुशियों को साझा किया।

रालोद नेता अरूणेन्द्र पटेल ने कहा कि पार्टी द्वारा लम्बे समय से पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भी भारत रत्न दिये जाने की मांग किया जा रहा था। केन्द्र की सरकार ने इसे समझा और देश के बड़े किसान नेता को मरणोपरान्त भारत रत्न देकर नेक कार्य किया है। कहा कि यह देश कृषि प्रधान है और किसानों और उनके लिये संघर्ष करने वालों को सम्मान मिलना ही




चाहिये। देर से ही सही सरकार ने उचित निर्णय लेकर रालोद कार्यकर्ताओं का दिल जीत लिया है।

पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भी भारत रत्न दिये जाने प्रसन्नता व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से ओम प्रकाश चौधरी, रामजी चौधरी, सियाराम वर्मा, इन्द्र बहादुर यादव, परमात्मा चौधरी एडवोकेट, विवेक श्रीवास्तव, लल्लन चौधरी, प्रदीप चौधरी, दूधनाथ पटेल, के साथ ही रालोद के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे।

# नेत्र परीक्षण शिविर में 50 का उपचार

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। शाम्बिका मेडिकल हाल बस्ती की ओर से प्रेस क्लब सभागार में निःशुल्क नेत्र परीक्षण व परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। मेडिकल हाल के संस्थापक व समाजसेवी अपूर्व शुक्ल ने बताया कि शिविर में करीब 50 लोगों ने नेत्र परीक्षण करवाया और चिकित्सक से परामर्श लिया। इनमे अधिकांश लोग मीडिया से जुड़े थे। उन्होने कहा मेडिकल हाल की ओर से प्रायः ऐसे शिविर आयोजित किये जाते हैं।

परीक्षण के उपरान्त चिकित्सक के परामर्श से निःशुल्क दवाइयां भी प्रदान की जाती हैं। आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा। अपूर्व ने कहा पत्रकार अपने कार्य में इतना व्यस्त रहता है कि उसे अपने और परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान कम रहता है, ऐसे में शिविर ज्यादा प्रासंगिक रहा। उन्होने शिविर में योगदान देने वाले डा. अहमद अली, डा. विनय कुमार,



हौसिला पासवान, अरवील अहमद, रंजन मिश्र, सोराब आदि के प्रति हृदय से आभार ज्ञापित किया।

डा. अहमद अली ने कहा आखें बेशकीमती है, इनके सेहत का हर किसी को ध्यान रखना चाहिये। दृष्टि दोषों की अनदेखी से कई बार लोग आखों की ज्योति खो देते हैं और जिंदगी बेरंग हो जाती है। परीक्षण कराने वालों में प्रमुख रूप से प्रेस क्लब अध्यक्ष विनोद कुमार उपध्याय, प्रदीप चन्द पाण्डेय, अशोक श्रीवास्तव, राजकुमार पाण्डेय, महेन्द्र तिवारी, राजेश पाण्डेय, राकेश चन्द्र, संदीप गोयल, देवेन्द्र पाण्डेय, लाल प्रसाद यादव, भूपेन्द्र यादव, रजनीश त्रिपाठी, राकेश गिरि, सुनील मिश्र, वशिष्ठ पाण्डेय, अश्वनी शुक्ल, अजय कुमार, अमर सोनी, कपीश मिश्रा, मनोज यादव, दिनेश पाण्डेय, महेन्द्र सिंह, लवकुश यादव, लवकुश सिंह आदि शामिल रहे।

# नगर पंचायत नगर में विवेकाधीन कोष की स्थापना

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। नगर देश की पहली ऐसी नगर पंचायत बन गई है जहां नगर पंचायत अध्यक्ष विवेकाधीन कोष स्थापित किया गया है। अध्यक्ष नीलम सिंह राना ने सरकार से प्रतिमाह मिलने वाले पंद्रह हजार रुपए शिष्टाचार व्यय को दुर्घटना पीड़ितों और जरूरतमंदों के सहायतार्थ खर्च करने का निर्णय लिया है। नगर पंचायत कार्यालय पर आज इस योजना का उद्घाटन करते हुए श्रीमती राना ने बताया कि अब क्षेत्र में दुर्घटना में घायल पीड़ितों तथा असहायों को इस कोष से आर्थिक मदद दी जाएगी। उन्होंने बताया कि बहादुरपुर की प्रमुख रहते हुए उन्होंने ब्लाक प्रमुख विवेकाधीन कोष स्थापित कर गरीबों को लाभान्वित किया था। श्रीमती राना ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक नगर में विवेकाधीन कोष का खाता खोल दिया गया है और शिष्टाचार व्यय के धन का चेक सीधे बैंक में जमा होगा। उन्होंने बताया




कि जरूरतमंदों को चेक द्वारा ही अहेतुक सहायता दी जाएगी, इसमें नकद लेनदेन नही होने से पारदर्शिता बनी रहेगी।

पूर्व ब्लाक प्रमुख भाजपा नेता राना दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि जिला पंचायत सदस्य और ब्लाक प्रमुख चुने जाने के बाद मैने विवेकाधीन की स्थापना कर भारत में एक अनूठा प्रयोग किया था। प्रसन्नता की बात है कि जनहित में नीलम सिंह राना भी इस परम्परा को आगे बढ़ा रही हैं। उन्होंने नगर पंचायत नगर को देश का एक मॉडल नगर पंचायत बनाने में सभी से सहयोग की अपील किया।अधिशाषी अधिकारी कीर्ति सिंह ने इसे ऐतिहासिक कदम बताया।

इस अवसर पर सभासद राजेश पाण्डेय,विजय जायसवाल, राज कुमार चौधरी,राम सजन यादव, बिंदुलाल, तुलसीराम, अखिलेश यादव,विजय सहनी, दिनेश चौरसिया, बिरेंद्र कुमार, संदीप कुमार, संजय सोनकर, सत्यराम निषाद, राजेश त्रिपाठी,विजय श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

*"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"–वेंडेल फिलिप्स*

दैनिक भारतीय बस्ती

बस्ती 10 फरवरी 2024 शनिवार

## सम्पादकीय

### चौधरी चरण समेत 5 हस्तियों को भारत रत्न

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को ट्वीट करके तीन हस्तियों को भारत रत्न दिए जाने का एलान किया। इनमें किसान नेता और पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, कांग्रेस नेता और पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन शामिल हैं। इससे पहले 23 जनवरी को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर और 3 फरवरी को देश के पूर्व–उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने का एलान हो चुका है।

चुनावी साल में एक के बाद एक पांच हस्तियों को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिए जाने के कई राजनीतिक मायने निकाले जा रहे हैं। सियासी जानकार कह रहे हैं कि इससे मोदी सरकार ने अलग–अलग राज्यों में कई समीकरण साध लिए हैं। चौधरी चरण सिंह की किसानों के मसीहा के रूप में पहचान रही है। अगले लोकसभा चुनाव में पश्चिमी उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली के जाट बहुल सीटों पर चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने का असर पड़ सकता है। इन इलाकों की करीब 40 लोकसभा सीटें ऐसी हैं, जहां जाट मतदाताओं का असर माना जाता है। चौधरी चरण सिंह के पोते और राष्ट्रीय लोकदल के मुखिया जयंत चौधरी की भाजपा के साथ जाने की अटकलें पिछले कई दिनों से लग रही हैं। चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने के बाद जयंत ने ट्वीट किया, 'दिल जीत लिया।' जयंत चौधरी अगर भाजपा के साथ जाते हैं तो पश्चिम उत्तर प्रदेश में भाजपा को काफी फायदा हो सकता है।

विपक्ष लगातार यह आरोप लगाता रहा कि प्रधानमंत्री मोदी प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की हमेशा आलोचना करते हैं और कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्रियों के प्रति उनका रवैया आलोचनात्मक है। एक दिन पहले प्रधानमंत्री मोदी ने राज्यसभा में पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह की प्रशंसा की थी और कहा था कि वे व्हीलचेयर पर भी सदन में आते रहे और लोकतंत्र को ताकत देते रहे। अगले ही दिन नरसिम्हा राव को भारत रत्न देने का एलान हो गया। नरसिम्हा राव को मरणोपरांत भारत रत्न देने का एलान विपक्ष को करारा जवाब इसलिए भी है, क्योंकि भाजपा लगातार यह आरोप लगाती रही है कि कांग्रेस ने बतौर प्रधानमंत्री राव के योगदान को हमेशा नजरअंदाज किया। यहां तक कि मोदी के कट्टर आलोचक मणिशंकर अय्यर ने तो एक बार राव को भाजपा का पहला प्रधानमंत्री तक करार दे दिया था।

बतौर वैज्ञानिक उनकी बेमिसाल उपलब्धियां रही हैं। इसके अलावा उनकी शख्सियत दक्षिण भारत के प्रतिभावान लोगों का भी प्रतिनिधित्व करती रही है। स्वामीनाथन को मरणोपरांत भारत रत्न देने से दक्षिण को साधने की मोदी सरकार की रणनीति को और मजबूती मिल सकती है। स्वामीनाथन कृषि क्रांति के जनक थे। उन्हें भारत रत्न देने से दक्षिण के साथ ही भाजपा की किसानों को साधने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। लालकृष्ण आडवाणी भाजपा के कद्दावर नेता और राम मंदिर आंदोलन का बड़ा चेहरा रहे हैं। 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद आडवाणी को भारत रत्न देकर भाजपा ने अपने मतदाताओं को एक तरह से संदेश दिया। भाजपा पर मंदिर आदोलन के बड़े चेहरों में शामिल आडवाणी की उपेक्षा के आरोप लग रहे थे। जब मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई तब भी यह मुद्दा विपक्ष ने उठाया। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के 10 दिन के अंदर आडवाणी को भारत रत्न देकर भाजपा ने विपक्ष से यह मुद्दा छीन लिया। इसके साथ ही उसने अपने परंपरागत मतदाताओं को भी यह संदेश दिया कि वह अपने वरिष्ठ नेताओं का कितना सम्मान करती है।

इस साल सबसे पहले जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की घोषणा की गई। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री सामाजिक न्याय के नायक थे। जानकारों का कहना है कि केंद्र के इस कदम से आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के लिए मदद मिल सकती है। बिहार में 27 प्रतिशत पिछड़ा और 36 प्रतिशत अति पिछड़ा वर्ग की हिस्सेदारी है। कुल मिलाकर 63: की भागीदारी वाले समाज पर कर्पूरी ठाकुर का बहुत बड़ा प्रभाव है। यह वर्ग उन्हें अपने नायक के तौर पर देखता है।

कर्पूरी ठाकुर के बेटे रामनाथ ठाकुर जदयू के राज्यसभा सांसद हैं। कर्पूरी को भारत रत्न मिलने के आठ दिन बाद ही भाजपा और जदयू एक बार फिर साथ आ गए। चिराग पासवान, पशुपति कुमार और जीतन राम मांझी की पार्टियां पहले से एनडीए की साझेदार थीं। ऐसे में नए सियासी समीकरणों आधार पर बिहार में भाजपा खुद को काफी मजबूत मान रही है। कहा जा रहा है कि कर्पूरी को भारत रत्न देकर भाजपा ने बिहार के सियासी समीकरण को साधने का काम किया है। अब पार्टी के वरिष्ठ नेता आने वाले चुनाव में राज्य की सभी 40 लोकसभा सीटें जीतने का दावा करने लगे हैं। यह देखना महत्वपूर्ण होगा भारत रत्न दिये जाने का राजनीतिक क्षेत्र में मतदाताओं पर क्या प्रभाव पडेगा।

# क्या मेनका, वरूण का टिकट काटेगी भाजपा



–अजय कुमार–



भारतीय जनता पार्टी देश को कांग्रेस मुक्त भले नहीं कर पाई हो लेकिन उत्तर प्रदेश को गांधी मुक्त बनाने की और उसके कदम तेजी से बढ़ रहे हैं। बीजेपी नेताओं को लगता है कि ऐसा मोदी–योगी के कुशल नेतृत्व में होने जा रहा है। ऐसा कैसे होगा? यह समझना मुश्किल नहीं है। एक तरफ इस बात की प्रबल संभावना है कि बीजेपी के लिये लगातार मुसीबत साबित हो रहे राहुल गांधी के चचेरे भाई और पीलीभीत के सांसद वरुण गांधी का टिकट कट सकता है, वहीं उनकी माता मेनका गांधी को उम्र दराज होने के कारण लोकसभा से साइड लाइन करने की तैयारी की जा रही है। मेनका गांधी और वरूण गांधी अब बीजेपी के लिये अनुपयोगी हो गये हैं। बीजेपी इन दोनों नेताओं को यह सोच कर पार्टी में लाई थी कि वरूण गांधी के जरिये वह सोनिया और राहुल गांधी को सियासी आईना दिखायेंगे, लेकिन ऐसा तो हुआ नहीं उलटे वरूण गांधी बीजेपी और पीएम मोदी के लिए ही सिरदर्द बन गये। पूरे कार्यकाल के दौरान वरूण गांधी केन्द्र की मोदी सरकार के कामकाज की आलोचना में लगे रहे, जबकि राहुल गांधी के खिलाफ मुंह तक नहीं खोला। इसी के चलते वरूण का टिकट कटना तय है। यदि ऐसा हुआ तो बीजेपी गांधी मुक्त हो जायेगी।

बात प्रदेश को गांधी मुक्त करने की कि जाये तो आज की तारीख में यूपी में कांग्रेस सिर्फ रायबरेली में दिखाई दे रही है। बाकी जगह वह सिमट चुकी है। राहुल गांधी को तो 2019 में ही बीजेपी ने अमेठी से हार का स्वाद चखा कर, ना केवल अमेठी बल्कि प्रदेश से बाहर कर दिया है। अब बीजेपी की मंशा रायबरेली को सोनिया मुक्त करने की है। इसके लिए पिछले पांच सालों में बीजेपी ने सोनिया गांधी के संसदीय क्षेत्र रायबरेली में काफी मेहनत की है। बीजेपी को जिसका फल आगामी लोकसभा चुनाव में मिलता दिख रहा है। रायबरेली में सोनिया गांधी की स्थिति अब उतनी मजबूत नहीं रह गई है जितनी पहले हुआ करती थी। यहां से प्रियंका वाड्रा के भी चुनाव लड़ने की चर्चा चल रही है। बीजेपी दोनों ही दशा में गांधी परिवार से मुकाबला करने के लिए कमर कसे हुए है। बीजेपी रायबरेली में कांग्रेस की उन दोनों संभावनाओं को खत्म कर देना चाहती है जिसके अनुसार रायबरेली में सोनिया गांधी की जगह प्रियंका वाड्रा को चुनाव लड़ाये जाने की चर्चा राजनीति के गलियारों में चल रही है। बीजेपी सोनिया गांधी या प्रियंका वाड्रा दोनों को ही अब यहां पर पैर जमाये रखने का मौका नहीं देना चाहती है।

दरअसल, प्रियंका वाड्रा ने 2022 के विधानसभा चुनाव के बाद उत्तर प्रदेश से भले ही अपने को समेट लिया हो लेकिन रायबरेली में उनकी राजनीतिक गतिविधियां जारी हैं, इसीलिए राजनीति के जानकार प्रियंका वाड्रा के रायबरेली से चुनाव लड़ने की संभावनाओं से इंकार नहीं करते हैं। यदि सोनिया गांधी राजनीतिक दबाव के चलते रायबरेली से चुनाव लड़ती हैं तो प्रियंका वाड्रा के लिए अमेठी दूसरी सबसे सुरक्षित सीट रह सकती है, लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि यहां से राहुल गांधी के चुनाव हारने के बाद मौजूदा सांसद स्मृति ईरानी ने काफी मेहनत की है। इसलिए हाल फिलहाल राहुल गांधी की तो दाल अमेठी में नहीं गलती दिखाई दे रही है वहीं प्रियंका वाड्रा को भी यहां से चुनाव लड़ने से पहले सौ बार सोचना होगा। अमेठी की सांसद और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि 48 सालों तक उत्तर प्रदेश की अमेठी विकास से वंचित रही, जबकि लोकसभा में इसका प्रतिनिधित्व गांधी परिवार के लोग करते रहे थे। स्मृति ईरानी ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सत्ता में आने के बाद ही इस संसदीय क्षेत्र का विकास होना शुरू हुआ। ईरानी ने कहा कि राजमोहन गांधी ने गांधी परिवार के खिलाफ चुनाव लड़ा था और उन्हें गांधी परिवार के खिलाफ लड़ने के लिए नकली गांधी बुलाया गया था। मेनका गांधी और शरद यादव को भी अपमानित किया गया था। शरद यादव से कहा गया कि वह जाकर गाय चराएं। कुल मिलाकर लोकसभा चुनाव में यदि अमेठी के बाद रायबरेली में भी गांधी परिवार का उम्मीदवार हार जाता है तो यूपी पूरी तरह से गांधी परिवार मुक्त हो जाएगा। सोनिया की हार की संभावनाओं से इसलिए इंकार नहीं किया जाता क्योंकि पिछले 5 सालों से वह रायबरेली से पूरी तरह से कटी हुई हैं, जबकि भाजपा ने यहां काफी मेहनत की है।

बात अमेठी और रायबरेली से आगे की कि जाये तो बीजेपी का सबसे अधिक फोकस यूपी पर ही है। मिशन 80 को पूरा करने के लिए बीजेपी लगातार प्लान बना रही है। माना जा रहा है कि बीजेपी करीब डेढ़ दर्जन सांसदों के टिकट काट सकती है वहीं जातीय समीकरणों को देखते हुए कई नए चेहरों पर भी मंथन किया जा रहा है। इसी के साथ यूपी की हारी सीटों को लेकर भी बीजेपी ने अहम रणनीति बनाई है। यूपी में जिन सीटों पर नए चेहरों को लेकर चर्चा है उनमें पहला नाम सहारनपुर का है जहां से बीजेपी के राघव लखनपाल की जगह नए चेहरे को मौका दिया जा सकता है। इसके साथ ही बिजनौर सीट पर कुंवर भारतेंद्र सिंह की जगह नया जाट चेहरा आगे किया जा सकता है। नगीना सीट से यशवंत सिंह की टिकट पर सस्पेंस है। मुरादाबाद से कुंवर सर्वेश कुमार की जगह नया चेहरा संभव है। संभल सीट से परमेश्वर लाल सैनी की टिकट पर और अमरोहा से कंवर सिंह तंवर की टिकट पर संशय है। इसी तरह से मैनपुरी से प्रेम सिंह शाक्य की जगह नया उम्मीदवार उतारा जा सकता है। वहीं रायबरेली से दिनेश प्रताप सिंह और अंबेडकर नगर से मुकुट बिहारी वर्मा, श्रावस्ती से दद्दन मिश्रा, लालगंज से नीलम सोनकर, घोसी से हरिनारायण राजभर का टिकट कट सकता है। उधर गाजीपुर से 2019 में बीजेपी की तरफ से लोकसभा प्रत्याशी रहे मनोज सिन्हा की जगह सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी को सीट दी जा सकती है। जौनपुर से कृष्ण प्रताप सिंह की जगह निषाद पार्टी के प्रत्याशी को यहां से लड़ाया जा सकता है। यह वह बीजेपी नेता हैं जो 2019 में लोकसभा चुनाव जीत नहीं सके थे।

बात भाजपा के मौजूदा सांसदों, जिनका टिकट कटने की उम्मीद है उनकी की जाये तो उसमें कानपुर से सत्यदेव पचौरी (76 साल), बहराइच से अक्षयवर लाल (77), बाराबंकी से उपेंद्र सिंह, गाजियाबाद से जनरल वीके सिंह (73), मेरठ से राजेंद्र अग्रवाल (73), हाथरस से राजवीर दिलेर, मथुरा से हेमामालिनी (75), बरेली से संतोष गंगवार (75), फिरोजाबाद से चंद्रसेन जादौन (73) का और कैसरगंज से बृजभूषण शरण सिंह, लखीमपुर खीरी से अजय मिश्र टेनी, पीलीभीत से वरुण गांधी, सुल्तानपुर से मेनका गांधी और बदायूं से सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्या की बेटी संघमित्रा मौर्य का भी टिकट कटना तय लग रहा है।

लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की राजनीति की सबसे बड़ी अहमियत होती है, क्योंकि यूपी में बाकी राज्यों के मुकाबले सबसे अधिक 80 सीटें हैं। साल 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में यूपी में किस पार्टी ने कितनी सीटें जीती थी कि बात की जाये तो 2019 में यूपी की 80 सीटों पर हुए चुनाव में एनडीए ने सर्वाधिक सीटों पर जीत दर्ज की थी। इस चुनाव में एनडीए में बीजेपी और अपना दल (एस) एक साथ मिलकर लड़े थे और एनडीए का 51.19 प्रतिशत वोट शेयर रहा था। जिसमें बीजेपी के खाते में 49.98 प्रतिशत और अपना दल (एस) को 1.21 प्रतिशत वोट शेयर मिला था। वहीं महगठबंधन (बहुजन समाज पार्टी, समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल) को 39.23 प्रतिशत वोट शेयर मिला था। जिसमें बसपा को 19.43 प्रतिशत, सपा को 18.11 प्रतिशत और रालोद को 1.69 प्रतिशत वोट मिला था। इसके अलावा कांग्रेस को इस चुनाव में 6.36 वोट शेयर मिला था।

# उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता कानून बनने के यक्ष प्रश्न

–जयसिंह रावत–



उत्तराखंड विधानसभा से समान नागरिक संहिता यानी कॉमन सिविल कोड (यूसीसी) का विधेयक पास करवाना देश में इस संहिता को लागू कराने का ट्रायल माना जा सकता है। क्योंकि बिना राष्ट्रपति या केन्द्र सरकार की अनुमति से न तो यह संहिता लागू हो सकती है और न ही उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बिना केन्द्रीय नेतृत्व की सहमति के इतने बड़े मुद्दे को छेड़ सकते थे। माना जाता है कि पंडित नेहरू ने भी 1951–52 का आम चुनाव समान नागरिक संहिता के मुद्दे पर लड़ा था जिसका उन्हें लाभ मिला और उन्होंने 1955 और 56 में हिन्दुओं से संबंधित समान नागरिक संहिताएं पारित करवा दीं। परिस्थितियां देखकर साफ लगता है कि लोकसभा चुनाव से पूर्व समान नागरिक संहिता का ट्रायल उत्तराखंड में किया जा रहा है।

**जहां तक उत्तराखंड में यूसीसी का सवाल है तो राज्य विधानसभा को कानून बनाने का अधिकार है मगर संविधान के दायरे से बाहर जाने का हक नहीं। यह विषय संविधान की समवर्ती सूची का है । समवर्ती सूची के विषयों पर संसद के साथ ही विधानसभा भी कानून बना तो सकती है लेकिन अगर दोनों के कानून टकराते हैं तो राज्य का कानून स्वतः अमान्य हो जायेगा। चूंकि इस विषय पर पहले ही संसद द्वारा पारित हिन्दू मैरिज एक्ट और मुस्लिम पर्सनल लॉ जैसे कानून मौजूद हैं, जिन्हें बदलने का अधिकार राज्य विधानसभा को नहीं है। लेकिन अगर समवर्ती सूची में राज्य विधानसभा द्वारा पारित कानून को राष्ट्रपति अनुमति देते हैं तो वह कानून उस राज्य की सीमा के अंदर लागू हो सकता है। इस यूसीसी में मौलिक अधिकारों के पक्ष के साथ ही लिव इन रिलेशन, सम्पत्ति का उत्तराधिकार, सरकारी कर्मचारियों तथा दूसरे राज्यों में रह रहे प्रवासियों पर बंदिशें जैसी कुछ ऐसी खामियां हैं जो अदालती हस्तक्षेप के लिये पर्याप्त कारण हैं। ऐसा लगता है कि केन्द्र सरकार उत्तराखंड में यह संहिता परखना चाहती है कि इसके सामाजिक, राजनीतिक और संवैधानिक प्रभाव क्या हो सकते हैं।**

यूसीसी पर सुशील मोदी की अध्यक्षता में गठित 17 सदस्यीय कार्मिक, लोक शिकायत, कानून और न्याय पर संसद की स्थायी समिति की 3 जुलाई, 2023 की बैठक के बाद सुशील मोदी ने प्रेस को बताया था कि इस संहिता से जनजातियों को अलग किया जा सकता है और यही प्रावधान उत्तराखंड की समान नागरिक संहिता में भी किया गया है। यूं भी धामी सरकार का यूसीसी विधेयक पास करवाने का कदम बिना अमित शाह के मार्ग दर्शन के नहीं है। नागरिक संहिता की ड्राफ्ट कमेटी ने 2 जून, 2023 को दिल्ली में 22वें विधि आयोग के अध्यक्ष जस्टिस ऋतुराज अवस्थी से भेंट की थी। इसके बाद जस्टिस रंजना देसाई ने मुख्यमंत्री धामी के साथ 3 जुलाई 2023 को इस संबंध में गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। उसके अगले ही दिन मुख्यमंत्री धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद प्रेस से बातचीत करते हुए बताया था कि प्रधानमंत्री उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता की तैयारियों से अवगत हैं।

जस्टिस रंजना देसाई की अध्यक्षता वाली कमेटी की 2 जून को 22वें विधि आयोग के अध्यक्ष से मुलाकात के बाद 14 जून को आयोग द्वारा समान नागरिक संहिता पर जन साधारण और धार्मिक संगठनों से राय शुमारी करना भी केन्द्र सरकार की इस संहिता को लागू करने के प्रति बढ़ती रुचि के साथ ही सरकार के उत्तराखंड की नागरिक संहिता से सीधे लिंक को ही दर्शाता है। यही नहीं, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने पहले कहा था कि देसाई कमेटी जून तक अपनी रिपोर्ट दे देगी। लेकिन कमेटी की रिपोर्ट का इतने विलम्ब से 2 फरवरी को आने का मतलब विधि आयोग और गृह मंत्रालय के सामंजस्य से रिपोर्ट को ऐसा बनाना भी हो सकता है जो कि स्वयं केन्द्र सरकार के काम आये।

जस्टिस ऋतुराज की अध्यक्षता में 21 फरवरी, 2020 को 22वें विधि आयोग का गठन 3 साल के लिये हुआ था जिसका कार्यकाल फरवरी 2023 में पूरा होने के बाद उसे 31 अगस्त, 2024 तक का विस्तार दिया गया है। वर्तमान आयोग के समक्ष विधि मंत्रालय द्वारा समान नागरिक संहिता के मामले को संदर्भित किया गया है। आयोग को अपने मूल कार्यकाल की समाप्ति के बाद अब यूसीसी पर तत्परता दिखाने का सीधा मतलब भारत सरकार का इस मुद्दे को प्राथमिकता में लाना है। वहीं सरकार का इस विषय पर इतनी रुचि दिखाने का मतलब आगामी लोकसभा चुनाव ही हो सकता है।

संविधान के नीति निर्देशक तत्व संख्या 44 में सरकार से भारत के पूरे क्षेत्र के अंदर समान नागरिक संहिता लागू करने की अपेक्षा की गयी है। मौलिक अधिकारों संबंधी रुकावटों, देश की सांस्कृतिक विविधता और अनुसूची 5 और 6 की विशेष परिस्थितियों के कारण भारत की सरकारें अब तक इसे लागू नहीं कर सकीं। मोदी सरकार धारा 370 को हटाने का बहुत मुश्किल काम आसानी से कर गयी। लेकिन वह भी देश की धार्मिक–सांस्कृतिक विविधता तथा संवैधानिक प्रावधानों को देखते हुये यूसीसी को लेकर ठिठक गयी। यह संहिता आस्था और धार्मिक परम्पराओं के मौलिक अधिकारों से संबंधित है। भारत के धर्मनिरपेक्ष चरित्र से भी जुड़ी है और सुप्रीम कोर्ट की सबसे बड़ी बेंच 1973 में कह चुकी है कि संसद के पास संविधान संशोधन के व्यापक अधिकार तो हैं लेकिन असीमित अधिकार नहीं हैं। यह भी कि संविधान की मूल भावना से छेड़छाड़ नहीं की जा सकती। अगर ऐसा होता है तो सुप्रीम कोर्ट को ऐसे संशोधनों की समीक्षा का अधिकार है। इसलिये उत्तराखंड की यूसीसी को भी कोर्ट में चुनौती मिल सकती है।

जहां तक उत्तराखंड में यूसीसी का सवाल है तो राज्य विधानसभा को कानून बनाने का अधिकार है मगर संविधान के दायरे से बाहर जाने का हक नहीं। यह विषय संविधान की समवर्ती सूची का है । समवर्ती सूची के विषयों पर संसद के साथ ही विधानसभा भी कानून बना तो सकती है लेकिन अगर दोनों के कानून टकराते हैं तो राज्य का कानून स्वतः अमान्य हो जायेगा। चूंकि इस विषय पर पहले ही संसद द्वारा पारित हिन्दू मैरिज एक्ट और मुस्लिम पर्सनल लॉ जैसे कानून मौजूद हैं, जिन्हें बदलने का अधिकार राज्य विधानसभा को नहीं है। लेकिन अगर समवर्ती सूची में राज्य विधानसभा द्वारा पारित कानून को राष्ट्रपति अनुमति देते हैं तो वह कानून उस राज्य की सीमा के अंदर लागू हो सकता है। इस यूसीसी में मौलिक अधिकारों के पक्ष के साथ ही लिव इन रिलेशन, सम्पत्ति का उत्तराधिकार, सरकारी कर्मचारियों तथा दूसरे राज्यों में रह रहे प्रवासियों पर बंदिशें जैसी कुछ ऐसी खामियां हैं जो अदालती हस्तक्षेप के लिये पर्याप्त कारण हैं। ऐसा लगता है कि केन्द्र सरकार उत्तराखंड में यह संहिता परखना चाहती है कि इसके सामाजिक, राजनीतिक और संवैधानिक प्रभाव क्या हो सकते हैं।

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।
ये उनके निजी विचार हैं।

## कोलंबो की राजनीतिक बिसात और भारत



–पुष्परंजन–

क्यों और किसलिए भारत सरकार के अतिथि के रूप में श्रीलंका के वामपंथी जनता विमुक्ति पेरामुना (जेवीपी या पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट) के नेता अनुरा कुमारा दिसानायक के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल 5 फरवरी को तीन दिवसीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचा? अब इस रणनीति के दूसरे हिस्से को ध्यान से देखना–समझना होगा। अनुरा कुमारा दिसानायक 27 अक्तूबर, 2023 को लॉस एंजिलिस गये थे। उससे पहले उनकी मुलाकात अमेरिकी राजदूत जुलिये चुंग से 19 अक्तूबर, 2023 को कोलंबो में हुई थी। मई, 2023 से वो लगातार अमेरिकी राजदूत से मिलते रहे। श्रीलंका के अल्ट्रा लेफ्ट नेता अनुरा कुमारा दिसानायक में भारतीय व अमेरिकी सत्ता प्रतिष्ठानों की दिलचस्पी के मायने तलाशने में दुनिया की बड़ी शक्तियां लग गई हैं।

साल 2023 में जेवीपी के हृदय परिवर्तन से सबको हैरानी हुई थी। ये वो लोग हैं, जिन्होंने 29 जुलाई, 1987 को हुए भारत–श्रीलंका समझौते का विरोध करते हुए एक सशस्त्र विद्रोह का नेतृत्व किया था। इनके एजेंडे में तथाकथित 'भारतीय विस्तारवाद' का विरोध कूट–कूट कर भरा था। इन्होंने भारतीय सामानों का बहिष्कार से लेकर यहां की साड़ी तक धारण करने पर रोक लगा दी थी। दिसंबर, 2023 में एक इंटरव्यू के जरिये जनता विमुक्ति पेरामुना के रुख में बदलाव को स्वीकार करते हुए दिसानायक ने कहा था, 'हम जानते हैं कि भारत, जो हमारा निकटतमघ पड़ोसी है, एक प्रमुख राजनीतिक–आर्थिक केंद्र बन गया है। इसलिए भारत के प्रभाव को हम नकार नहीं सकते।'

दिसंबर, 2014 में एनएसए अजीत डोभाल 'गाले डॉयलॉग' के वास्ते श्रीलंका गये थे, तब उन्होंने हिंद महासागर को शांति क्षेत्र बनाये जाने की परिकल्पना पर जोर दिया था। दिसंबर, 2023 में एक बार फिर अजीत डोभाल श्रीलंका कोलंबो सिक्योरिटी कांक्लेव में गये और क्षेत्रीय सुरक्षा की बात की। अजीत डोभाल का इस बीच श्रीलंका के शिखर नेताओं से लगातार मिलना–जुलना रहा है, जिनमें वामपंथी नेतृत्व भी है। नई दिल्ली में इस सप्ताह जेवीपी के नेता अनुरा कुमारा दिसानायक की मेहमाननवाजी इसी रणनीति का हिस्सा लगता है। जेवीपी प्रतिनिधिमंडल विदेशमंत्री एस. जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से मुलाकात के बाद अहमदाबाद और तिरुवनंतपुरम की ओर रवाना हो गया। इन जगहों पर वामपंथी शिष्टमंडल को कृषि और उद्योग केंद्रों का अवलोकन करना है। सरकारी अधिकारियों व व्यापारिक समुदाय के सदस्यों के साथ बैठक के बाद 8 फरवरी को इनकी वतन–वापसी है।

क्या इन्हें विश्वगुरु भारत से दीक्षा लेने की आवश्यकता चुनावी व्यूह के वास्ते आन पड़ी है, या चुनाव के वास्ते मोटा फंड चाहिए? कोलंबो स्थित शोध संस्थान, 'इंस्टिट्यूट फॉर हेल्थ पॉलिसी' के हालिया सर्वेक्षण से पता चला कि 2024 के अंत में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए अनुरा कुमारा दिसानायक सबसे पसंदीदा उम्मीदवार हैं। सर्वेक्षण में 50 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि वे दिसानायक के लिए मतदान करेंगे, उसके बाद साजिथ प्रेमदास को 33 प्रतिशत लोगों ने पसंद किया है, और तीसरे नंबर पर रहे राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को नौ प्रतिशत लोगों ने इस पद के लायक समझा है। श्रीलंका की सत्ता में वामपंथी विकल्प बन सकते हैं, ऐसा पहली बार माहौल बना है।

1935 में स्थापित देश की पहली वामपंथी ट्रॉट्स्कीवादी 'लंका समा समाज पार्टी' थी। वह पार्टी देश के स्वतंत्रता आंदोलन में एक प्रमुख राजनीतिक ताकत बन गई, जो 1948 में सफल हुई। लंका समा समाज पार्टी ने 1953 की हड़ताल का नेतृत्व करने में कम्युनिस्ट पार्टी के साथ मिलकर चावल सब्सिडी को समाप्त करने के सरकार के प्रस्ताव का सफलतापूर्वक विरोध किया, जिस पर कई श्रीलंकाई लोग भरोसा करते थे। लेकिन तीन दशक बीत जाने के बाद भी श्रीलंका में वामपंथियों को सत्ता में आने का अवसर नहीं मिल पाया। धान उत्पादन और भूमि सुधार वादा पूरा नहीं हुआ, देखते ही देखते स्थिति हिंसक हो गई।

कालांतर में माओवादी कम्युनिस्ट पार्टी के एक गुट ने जनता विमुक्ति पेरामुना का गठन किया, जिसके कारण 1971 में ग्रामीण गरीबी और बेरोजगारी से परेशान सरकार के खिलाफ सशस्त्र विद्रोह हुआ, जिसे शासन ने कुचल दिया। वर्ष 1978 में जेआर जयवर्धने के राष्ट्रपति बनने के बाद भी तनाव जारी रहा, जब श्रीलंका ने बाजार–संचालित अर्थव्यवस्था शुरू की।

# जर्जर भवन में संचालित स्कूलों को चिन्हित कर करें कायाकल्प

**संवाददाता–श्रावस्ती।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट अलंकार योजना समिति की बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित की गई। बैठक में प्रस्तावित कार्यों को शीघ्र प्रारम्भ कराते हुए समय–सीमा के अन्दर पूरा कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने कहा कि छात्र–छात्राओं के हित को देखते हुए सरकार ने निर्देश दिया है कि जिले में यदि जर्जर भवन संचालित हो रहे है तो उन्हें चिन्हित किया जाए। साथ ही कमेटी का गठन कर अवस्थापना सुविधाएं बढ़ाने के लिए जर्जर भवनों में संचालित राजकीय विद्यालयों का चिन्हांकन कर उन्हें अनुदान प्रदान करने की की कार्यवाही की जाए। जिससे उन विद्यालयों का कायाकल्प हो सके और छात्र–छात्राओं को आधारभूत सुविधाएं मिल सके। जिलाधिकारी ने कमेटी के सदस्यों को निर्देश दिया कि जिले में जो भी राजकीय विद्यालय जर्जर भवन में संचालित हैं उन्हें चिन्हित कर लिया जाय। इसके साथ ही कमेटी में अनुमोदन के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाए। डीएम को अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में जिले के कुल 26 विद्यालयों के कायाकल्प के लिए चिन्हित किया गया है। प्रस्तावित कार्यों को प्रारम्भ कराने के लिए स्वीकृति धनराशि के सापेक्ष 50 प्रतिशत धनराशि अवमुक्त कर दी गई है। इसके लिए कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश समाज कल्याण लिमिटेड को नामित किया गया है। इस पर डीएम ने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि प्रस्तावित कार्यों को शीघ्र प्रारम्भ कर समय–सीमा के अन्दर पूरा किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। बैठक में डीआईओएस मिथलेश कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी पीके दास आदि मौजूद रहे।

# नारायणी और बांसी नदी में हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**संवाददाता–कुशीनगर।** मौनी अमावस्या के अवसर पर शुक्रवार को हजारों श्रद्धालुओं ने जिले के विभिन्न नदियों व घाटों पर स्नान–दान किया। नारायणी और बांसी नदी के तट पर श्रद्धालुओ की कभी भीड़ उमड़ी। आस्था की डुबकी लगाने के लिए एक दिन पहले से ही पहुंच गए थे। खड्डा के छितौनी–बगहा रेल पुल के नीचे मां नारायणी सामाजिक कुंभ पर तीन दिवसीय मेला लगा हुआ है। मौनी अमावस्या के दिन यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्थाएं की गईं हैं। घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। छितौनी–बगहा रेल पुल के नीचे नारायणी तट के सामाजिक कुंभ स्थल पर शुक्रवार को मौनी अमावस्या पर स्नान मेला लगा। शुक्रवार की भोर में लाखों की संख्या में श्रद्धालु पवित्र नारायणी नदी में आस्था की डुबकी लगाई। मां नारायणी सामाजिक कुंभ स्थल के संयोजक मनोज पांडेय ने बताया कि सामाजिक कुंभ स्थल पर पिछले सात वर्षों से तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है। मौनी अमावस्या से एक दिन पहले ही श्रद्धालु यहां पहुंचने लगते हैं। इस बार भी गुरुवार की शाम से ही श्रद्धालुओं का जमावड़ा होने लगा। श्रद्धालुओं के रहने व खाने–पीने की व्यवस्था मां नारायणी सामाजिक कुंभ के कार्यकर्ताओं द्वारा की गई है।

# मौनी अमावस्या पर लाखों श्रद्धालुओं ने किया स्नान दर्शन पूजन

**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**



अयोध्या। श्री राम की राजधानी अयोध्या में मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब सुबह 4 बजे से ही लाखों श्रद्धालुओं जय श्री राम के जयकारे के साथ मां सरयू में स्नान करने लगे और स्नान के उपरांत गरीबों को दान दक्षिणा देकर के पूर्ण अर्जित किए। सनातन परंपरा के अनुसार उदया तिथि ही मुख्यतिथि मानी जाती है इसलिए शुक्रवार की सुबह श्रद्धालुओं ने मां सरयू में स्नान कर दान पुण्य अर्जित किए। स्नान के उपरांत मां सरयू के तट पर स्थित सिद्ध पीठ नागेश्वर नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया उसके उपरांत हनुमानगढ़ी कनक भवन और श्री राम लला का दर्शन पूजन किए पूरे दिन अयोध्या में श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा और तीर्थराज प्रयाग से स्नान कर लौटने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ शनिवार व रविवार को भी रहेगी क्योंकि ऐसी मान्यता है की तीर्थराज प्रयाग संगम में स्नान के बाद श्रद्धालु अयोध्या आते हैं मां सरयू में स्नान करते हैं और नागेश्वर नाथ महादेव का जलाभिषेक करते हैं उसके बाद हनुमानगढ़ी कनक भवन और श्रीरामलला का दर्शन पूजन भी करते हैं। प्राण प्रतिष्ठा के बाद जहां प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु श्री राम लला का दर्शन पूजन कर रहे हैं स्नार्थियों की संख्या में मौनी अमावस्या को देखते हुए और बढ़ाने की संभावना है और यह हनुमान लगाया जा रहा है की 5 दिन तक लगभग 3 लाख के आसपास श्रद्धालु दर्शन करेंगे।

अयोध्या में भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हो गई है, इसके कारण अयोध्या में पढ़ने वाले प्रत्येक तीज त्यौहार को श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है और आने वाले समय में यह संख्या निरंतर बढ़ती ही रहेगी। वही उत्तर प्रदेश सरकार मौनी अमावस्या को राज्य मेले का दर्जा दे चुका है जिससे प्रशासनिक व्यवस्था चुस्त दुरुस्त है। जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं के आवागमन को देखते हुए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है नया घाट बंधा तिराहा से फोरलेन तक श्रद्धालुओं के वाहन के लिए पार्किंग की व्यवस्था बनाई गई है चौराहों की राह पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात है जिससे कोई अप्रिय घटना न घट सके और श्रद्धालु शांतिपूर्वक मां सरयू में स्नान करके नागेश्वरनाथ कनक भवन हनुमानगढ़ी श्री राम लला का दर्शन पूजन कर सके और अपने घर को लौट सकें।

## 16 नए सचिव नियुक्त होने पर सपा कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

**संवाददाता–बलरामपुर।** समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष बहलोल आरिफ नियाजी ने जिला कार्यकारिणी का गठन कर संगठन को मजबूत बनाने की अपील की। बताया कि अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री मोहम्मद शकील अहमद नदवी के अनुमोदन पर जिला उपाध्यक्ष अवकात अनस, कलीम बगवान, सीबू हसन, असलम शाह, महामंत्री मोहम्मद मुकीम खान, कोषाध्यक्ष नेहाल खान, जिला सचिव असगर अली, मोहम्मद हनीफ खां, अजीज जाफरी, चरणजीत सिंह सहित 16 सचिव बनाए गए हैं। विधानसभा अध्यक्ष गैंसड़ी अता हुसैन, तुलसीपुर में फिदा अली, बलरामपुर में रिजवान अहमद व उतरौला में मोहम्मद असलम बब्बू को नामित किया गया है। नगर अध्यक्ष बलरामपुर फरहान हुसैन, उतरौला मोहम्मद शमीम, तुलसीपुर में समीम राइनी व पचपेड़वा में नसीम अहमद के साथ गैसड़ी में मोहम्मद इकबाल को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभी पदाधिकारियों के मनोनीत होने पर जिलाध्यक्ष डा. मणिक लाल कश्यप, पूर्व विधायक अब्दुल मसूद खां, जगराम पासवान, आरिफ अनवर हाशमी, अनवर महमूद, राम सागर अकेला, राकेश यादव, प्रदेश सचिव अंसार अहमद, एजाज मलिक, सफीउल्लाह खां, नरसिंह पाल यादव, ओंकार पटेल, राम दयाल यादव, अयाज मुस्तफा आदि ने बधाई व मुबारकबाद दिया।

# अतिक्रमण करने वालों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश

**संवाददाता–श्रावस्ती।** भिनगा नगर में सड़क व पटरियों पर अतिक्रमण को लेकर प्रशासन सख्त हो गया है। डीएम व एसपी ने पूरे नगर का भ्रमण कर अतिक्रमण का जायजा लिया। साथ ही दुकानदारों से खुद अतिक्रमण हटाने की अपील क और न हटाने पर कार्रवाई का निर्देश दिया।

नगर पालिका परिषद भिनगा के मुख्य बाजार में सड़क व पटरियों पर अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए जिलाधिकारी कृतिका शर्मा व पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने भ्रमण किया। उन्होंने अशोक तिराहे से लेकर मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय भिनगा तक पैदल चलकर अतिक्रमण का जायजा लिया। इस दौरान डीएम ने स्थानीय व्यापारियों व दुकानदारों से संवाद कर अतिक्रमण न करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिन दुकानदारों व व्यापारियों की ओर से अतिक्रमण किया गया है। वह खुद ही अतिक्रमण हटा लें। नहीं तो अभियान के दौरान कोई रियायत नहीं बरती जाएगी। अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए जुर्माना भी वसूल किया जाएगा। डीएम ने कहा कि सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत शासन के निर्देशानुसार कस्बों व बाजारों में अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। एसपी ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका व नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों व पुलिस अधिकारियों की ओर से दुकानदारों व व्यापारियों को पहले से ही आगाह किया गया है। यदि उनकी ओर से अब भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। अवैध अतिक्रमण से वाहनों के आने–जाने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसलिए अवैध अतिक्रमण समाप्त कर लोगों के आवागमन को सुगम बनाया जा रहा है। इस मौके पर एडीएम न्यायिक राम दत्तराम, एसडीएम भिनगा पीयूष जायसवाल, सीओ भिनगा अतुल चौबे, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका भिनगा डा अनीता शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## गौशाला में दुरुस्त रखी जाएं सभी व्यवस्थाएं–सीडीओ

**संवाददाता–श्रावस्ती।** मुख्य विकास अधिकारी ने गौ–आश्रय स्थल गोड़ारी का निरीक्षण किया। गौशाला पहुंचे सीडीओ ने सभी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। साथ ही हमेशा सभी व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह शुक्रवार को विकास खण्ड गिलौला के ग्राम गोड़ारी में स्थित गौ–आश्रय स्थल का आकस्मिक निरीक्षण करने पहुंचे। गौशाला पहुंचे सीडीओ ने चन्नी व भूसा व्यवस्था, पानी व प्रकाश व्यवस्था तथा जल निकासी आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों से गोवंशों के टीकाकरण व ईयर टैगिंग के संबंध में जानकारी ली। साथ ही उन्होंने गौशाला प्रबंधक को निर्देशित किया कि समय से पशुओं का टीकाकरण होता रहे। ताकि पशु बीमार न होने पाए। उन्होंने छाया व प्रकाश व्यवस्था की मुकम्मल व्यवस्था करने का निर्देश दिया। सीडीओ ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि सभी संरक्षित पशुओं की शति प्रतिशत टैगिंग कराया जाय। उन्होंने क्षमता के अनुसार पशु संरक्षित कराने तथा हरे चारे के रूप में नैपियर घास लगवाने व भूसा का स्टोर कराने का निर्देश दिया। इस मौके पर उपजिलाधिकारी कुमार गौरव आदि मौजूद रहे।

## शालिग्राम महाराज को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

अयोध्या। भजनाश्रम कुसमौल कुटी गोरखपुर के बाबा शालिग्राम दास महाराज को संतों ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मौका उनके त्रयोदश संस्कार का रहा। जो अयोध्याधाम के रामघाट चरण पादुका स्थित श्रीविचित्र वीर्य हनुमान मंदिर में महंत रामकृष्ण दास महाराज के संयोजन में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। सर्वप्रथम सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी के नागा साधु–संतों एवं भक्तगणों ने साकेतवासी बाबा सालिग्राम दास महाराज के चित्रपट पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। उसके बाद संतों ने उनके कृतित्व–व्यक्तित्व का बखान किया। इस मौके पर श्रीविचित्र वीर्य हनुमान मंदिर के महंत रामकृष्ण दास ने कहा कि साकेतवासी बाबा सालिग्राम दास महाराज उनके बड़े गुरू भाई थे। जिनकी अवस्था 98 वर्ष की रही। जो भजनानंदी संत होने के साथ गौ एवं संत सेवी रहे। वह विलक्षण प्रतिभा के धनी संत थे। उनका व्यक्तित्व बड़ा ही उदार था। महंत रामकृष्ण दास महाराज ने पधारे हुए संत–महंतों का स्वागत–सत्कार किया। काफी संख्या में संत–महंत व भक्तगणों ने प्रसाद पाया। इस अवसर पर निर्वाणी अनी के श्रीमहंत मुरली दास, महंत बलराम दास, पहलवान राजेश दास, पहलवान मनीराम दास, नागा उपेंद्र दास, पुजारी राजन दास, देवव्रत शाही, प्रियव्रत शाही, धर्मव्रत शाही, अनिल सिंह, दीपक, अमित पांडेय, शुभम, भगवान दास, वीरेंद्र, रामवृक्ष आदि संत–महंत और भक्तगण मौजूद रहे।

# पंचायत भवन में कैद मवेशियों को गौशाला भेजा

**संवाददाता–गोण्डा।** ब्लॉक क्षेत्र के करनीपुर गांव में आक्रोशित ग्रामीणों ने छुट्टा मवेशियों को पंचायत भवन में कैद कर दिया था। गुरुवार को इस संबंध अफसरों के आश्वासन के बाद मवेशी पंचायत भवन में ही कैद रहे। डीएम के कड़े निर्देश पर हरकत में आए अफसरों ने शुक्रवार को कैद किए 25 मवेशियों को गो–आश्रय केंद्रों पर भिजवाया।

छुट्टा मवेशियों के उत्पात से नाराज ग्राम पंचायत करनीपुर के किसानों ने दो दर्जन से अधिक मवेशियों को पकड़ कर पंचायत भवन में बंद कर दिया था। पंचायत सहायक सोमनाथ तिवारी व प्रधान विनोद कुमार मिश्रा ने सचिव केबी यादव, एपीओ व बीडीओ को पंचायत भवन में छुट्टा मवेशियों को कैद किए जाने की सूचना दी थी। गांव में छुट्टा मवेशी दिन–रात किसानों की गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा रहे थे। इससे आजिज होकर किसानों ने यह कदम उठाया था। गुरुवार को मौके पर पहुंचे बीडीओ प्रदीप कुमार सिंह ने पंचायत भवन में कैद मवेशियों को तत्काल पशु आश्रय स्थल भिजवाने की बात कही थी। वाहन न मिलने की वजह से मवेशियों को पंचायत भवन में कैद रहना पड़ा। प्रधान, सचिव व पंचायत सहायक ने मवेशियों को चारा पानी की व्यवस्था की। वहीं, ग्रामीणों का कहना है कि कई बार छुट्टा मवेशियों को पशु आश्रय स्थल भिजवाने की मांग की गई लेकिन अफसरों ने ध्यान देता उचित नहीं समझा। जब पंचायत भवन में मवेशी कैद किए गए तो अफसर हरकत में आए। बीडीओ प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि नगर पालिका नवाबगंज से वाहन बुलाकर पंचायत भवन में कैद मवेशियों को गो आश्रय केंद्र अनभुला, चंदापुर व ढोढ़ियापारा भिजवाया गया है। उन्होंने बताया कि 25 मवेशी कैद थे। इस दौरान पशु चिकित्साधिकारी डॉ. विजय बहादुर वर्मा, अजय वीर मिश्रा समेत अन्य कर्मचारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

# भ्रष्टाचार के जांच की मांग को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता–बलरामपुर।** नगर पालिका परिषद उतरौला में व्याप्त भ्रष्टाचार की जांच की मांग को लेकर शुक्रवार को समाजसेवी ऐमन रिजवी ने उप जिलाधिकारी अवधेश कुमार को मांग पत्र सौंपा है। ऐमन रिजवी ने आरोप लगाया है कि आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला में भ्रष्टाचार व्याप्त है।

आरोप लगाया कि नगर पालिका के बाबू ने अलाव के नाम पर गीली लकड़ी जलाकर सूखी लकड़ी का भुगतान कर दिया है। लाभ लेने के चक्कर में लगभग 75 लाख की ट्रैक्टर ट्राली एवं 1500 कंबल अपने खास लोगों से खरीदारी करवा कर घोर अनियमितता बरती है। चहेते ठेकेदारों को अनुचित लाभ देने के लिए कई लाख का टेंडर राष्ट्रीय अखबार में गजट न कराकर कम प्रसार वाले अखबार में निकलवा दिया जाता है। जिसकी प्रसार संख्या न के बराबर है। इससे राजस्व की काफी हानि होती है। वर्क आर्डर के नाम पर लाभ लेकर नगर पालिका के एक बाबू की ओर से गंभीर अनियमितता बरती जा रही है। इस सम्बन्ध में अधिशासी अधिकारी ने बताया किया आरोप निराधार व गुटबाजी से प्रेरित है।

# किसानों के उत्थान का काम कर रही सरकार –कश्यप

**संवाददाता–गोण्डा।** भाजपा सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में देश की जनता के लिए तमाम कल्याणकारी कार्य किए हैं। पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक को लाभान्वित किया है। मोदी सरकार किसानों के कल्याण और उत्थान की दिशा में लगातार प्रयासरत है तथा अपनी योजनाओं और कार्यों के माध्यम से अन्य कई उपलब्धियां भी अर्जित कर रही है। इन सभी योजनाओं और उपलब्धियां को जन–जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से भाजपा किसान मोर्चा ग्राम परिक्रमा यात्रा शुभारंभ कर रहा है। यह बातें शुक्रवार को भाजपा जिला अध्यक्ष अमर किशोर कश्यप ने किसान मोर्चा द्वारा आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान कही। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विद्या भूषण द्विवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मानना है कि देश में चार प्रमुख वर्ग है गरीब,किसान, युवा और महिलाएं और इन वर्गों का विकास ही समग्र राष्ट्र के विकास का आधार है। उन्होंने बताया कि ग्राम परिक्रमा यात्रा का शुभारंभ 12 फरवरी को मुजफ्फरनगर से राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा , मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ , एवं भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राजकुमार चाहर द्वारा किया जाएगा, जिसमें 50000 से अधिक किसान उपस्थित रहेंगे। इस दौरान जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र ओझा पट्टू भी मौजूद रहे। बालपुर में लाइव प्रसारण का कार्यक्रम रू जिलाध्यक्ष ने बताया कि इस यात्रा का लाइव प्रसारण कार्यक्रम बालपुर बाजार में किया जाएगा। मुख्य अतिथि सांसद कैसरगंज बृजभूषण शरण सिंह, विधायक कटरा बाजार बावन सिंह, प्रदेश कार्य समिति सदस्य किसान मोर्चा संचित सिंह होंगे । कार्यक्रम का संयोजक बालपुर प्रधान एवं किसान मोर्चा जिला महामंत्री धर्मपाल सिंह द्वारा किया जाएगा। इस अभियान के संयोजन की जिम्मेदारी किसान मोर्चा के जिला महामंत्री देवनारायण मिश्रा को दी गई है।

## लोकसभा चुनाव में 521 बस से मतदान कराने रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

**संवाददाता–महराजगंज।** लोकसभा चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश पर जिला प्रशासन सभी तैयारी पूरी कर लिया है। इस बार मतदान कराने बूथों पर जाने वाली पोलिंग पार्टियों को ट्रक से नहीं भेजा जाएगा। उनके लिए बस मुहैया कराया जाएगा। सभी पोलिंग पार्टियों को रवाना करने के लिए 521 बस का अभी से इंतजाम किया गया है। जिले में 237 बस उपलब्ध हैं। शेष 284 बस दूसरे जिले से आएंगी। इसके लिए कमिश्नर के निर्देश पर जिला प्रशासन मांग भेज दिया है। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना मार्च में जारी होगा। निर्वाचन आयोग से जारी शेड्यूल के मुताबिक सभी तैयारियों को मूर्त रूप दिया जाएगा। जिला प्रशासन सभी तैयारियों को पूरी करा चुका है। निर्देश मिलते ही केवल उसका अनुपालन कराना है। इसके लिए अभी से ड्यूटियां लगा दी गई हैं। मतदान कार्मिकों का भी फीडिंग हो चुका है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन हो चुका है। इस बार लोकसभा चुनाव में 19 लाख 88 हजार 274 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

वोटरलिस्ट का संक्षित मतदाता पुनरीक्षण कार्य पूरा हो चुका है। इस बार लोकसभा चुनाव में साठ हजार नए मतदाता बढ़े हैं। खास बात यह है कि वोटलिस्ट में जेंडर रेशियो में वृद्धि देखने को मिली है। एक हजार पुरूष वोटर की तुलना में 897 महिला मतदाता हैं। पहले यह रेशियो 892 का था। मताधिकार के प्रयोग करने में महिलाओं की जागरूकता बढ़ने से यह वृद्धि देखने को मिली है। वोटर लिस्ट में 9 लाख 40 हजार महिलाएं लोकतंत्र का इबारत लिखेंगी। ईपी रेशियो में भी इजाफा देखने को मिला है। इसमें 0.07 फीसदी वृद्धि हुई है। पहले ईपी रेशियो 58.19 फीसदी था। अब यह बढ़ कर 58.90 फीसदी पहुंच गया है। ईपी रेशियो मतदाता व आबादी के बीच अनुपात होता है। यह अनुपात यह दर्शाता है कि एक हजार की संख्या वाले आबादी में कितने लोग मतदाता हैं। लोकसभा चुनाव में शराब व धन की अवैध प्रयोग को रोकने के लिए स्ट्रैटिक सर्विलांस टीम व फ्लाइंग स्क्वाड का गठन किया जा चुका है। स्ट्रैटिक सर्विलांस टीम में तीन–तीन मजिस्ट्रेट होंगे। सदर, पनियरा व फरेंदा विधानसभा में तीन–तीन व इंडो–नेपाल बार्डर से सटे नौतनवा व सिसवा विधानसभा में 5–5 मजिस्ट्रेट तैनात होंगे। फ्लाइंग स्क्वाड भी अवैध शराब व धन की सूचना पर रेंडम छापेमारी करेगी। डॉ. पंकज कुमार वर्मा–एडीएम ने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन की सभी तैयारी पूरी की जा चुकी है। जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए जा चुके हैं। अगले सप्ताह से सेक्टर मजिस्ट्रेट बूथों की जांच करेंगे। जो कमियां मिलेंगी उसे फौरन दुरूस्त करा लिया जाएगा। मतदान कार्मिकों के लिए सभी विभाग के अध्यक्ष नाम व पदनाम की फीडिंग करा चुके हैं। इस बार एक भी पोलिंग पार्टियां ट्रक से नहीं जाएंगी। उनके लिए बस का इंतजाम कराया जाएगा।

# इंस्टाग्राम से हुआ प्यार यूपीएससी परीक्षा में चयनित बताकर महिला पुलिसकर्मी से रचाई शादी, गिरफ्तार

**संवाददाता–गोण्डा।** जिले के रहने वाले एक युवक ने प्रदेश की राजधानी में तैनात एक महिला पुलिस कर्मी से इंस्टाग्राम पर दोस्ती किया। उसके बाद उसने कहा कि उसका सिलेक्शन यूपीएससी में हो गया है। ऐसा झांसा देकर उसने महिला पुलिसकर्मी से शादी रचा लिया। शादी करने के बाद तरह–तरह से मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न करने लगा। यहां तक की उसके तैनाती स्थल पर भी जाकर झगड़ा लड़ाई किया। इसी बवाल को लेकर वह निलंबित हो गई। बात आत्महत्या तक पहुंचने के बाद उसने इसकी शिकायत पुलिस थाने में किया। इसके बाद आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गया।



लखनऊ में तैनात एक महिला सिपाही की इंस्टाग्राम पर गोंडा जिले के रहने वाले युवक से दोस्ती हो गई। दोस्ती इतना परवान चढ़ी की दोनों में प्यार का इजहार होने लगा। इसके बाद जालसाज युवक ने महिला सिपाही को बताया कि उसका सिलेक्शन यूपीएससी में हो गया है। इसके बाद दोनों ने शादी कर लिया।

महिला सिपाही ने पुलिस को दिए गए तहरीर में आरोप लगाया है कि इंस्टाग्राम पर बातचीत के दौरान कहां की उसका चयन यूपीएससी–2023 के मेंस में हो गया है। जिसका साक्षात्कार फरवरी–2024 में होना बताया। मैं तुमसे शादी करना चाहता हूँ। आरोपी विजय सिंह ने प्रार्थिनी को यूपीएससी मेंस का रोल नम्बर तथा अखबार की कटिंग की कटिंग दिखाई। जो पूर्णतया एडिट (फर्जी) निकली। अपने घर वालों को भी झूठ बोलकर अपने घर में खुशियाँ मनाते हुए पटाखे तथा फायरिंग का वीडियो मुझे दिखाया। इसके बाद युवक महिला सिपाही से मिलने के लिए लखनऊ उसके कमरे पर पहुंच गया। उसने पीड़िता से कहा कि तुम उससे शादी कर लो वरना मेरे घर वाले यूपीएससी में चयन होने पर तुमसे शादी नहीं होने देंगे। क्योंकि प्रार्थिनी एक मामूली कांस्टेवल है। प्रार्थिनी ने जब उसकी सच्चाई जानने की कोशिश की तो प्रार्थिनी को चाकू एवं कट्टा दिखाकर डरा कर शारीरिक सम्बन्ध बनाने लगा। प्रार्थिनी लोक–समाज के डर से डर गयी। अन्दर ही अन्दर घुटती रही। प्रार्थिनी के साथ कई बार मारपीट की तथा प्रार्थिनी के भाई, मम्मी–पापा को मारने की धमकी देने लगा तथा जोर–जबरदस्ती से शादी करने का दबाव बनाने लगा।

प्रार्थिनी अपने घर वालों एवं खुद की हत्या की डर से तथा प्रार्थिनी को इतना मानसिक प्रताड़ित किया कि प्रार्थिनी डर गई। उसके बहकावे में आ गई। इसके बाद उसने फर्जी तरीके से लखनऊ से विवाह पंजीकरण कर लिया। प्रार्थिनी एवं उसके घर वालों को झूठे मुकदमों में फंसवाने की धमकी देता रहा। जिससे प्रार्थिनी अपनी नौकरी खोने के डर से बहुत घबरा गई। प्रार्थिनी को लगातार मानसिक प्रताड़ित करने लगा तथा किसी को बताने पर यह भी कहने लगा कि अगर तुमने पुलिस प्रशासन में शिकायत की तो मैं आत्महत्या कर लूँगा। जिससे तुम फंस जाओगी। और मेरे घर वाले बदमास किस्म के हैं। वह तुम्हें और तुम्हारे परिवार वालों को मार देंगे। जिसके डर से प्रार्थिनी और ज़्यादा घबरा गई। जिससे प्रार्थिनी की मानसिक हालात बिगड़ने लगे तथा कुछ समय बाद प्रार्थिनी के साथ अप्राकृतिक सम्बन्ध जैसे गुदा मैथुन करने की कोशिश की। विजय सिंह बहुतबड़ा धोखेबाज और शातिर जालसाज व्यक्ति है। विजय सिंह पर पहले से ही हाई कोर्ट इलाहाबाद में एक मुकदमा दर्ज है। जिसकी जानकारी प्रार्थिनी को बाद में हुई। प्रार्थिनी के साथ हो रहे ऐसे व्यवहार से प्रार्थिनी बिल्कुल टूट गयी। उसके बाद उसने अपने घर वालों को अपनी समस्या बतायी तथा अपनी सह–पुलिसकर्मी को बताने लगी। प्रार्थिनी के परिवार वाले और सह–पुलिसकर्मी ने अपना सहयोग दिया। और उसकी हर प्रकार से सहायता करने का विश्वास दिलाया। और मैं कोई गलत कदम नही उठायी। महिला पुलिसकर्मी की शिकायत पर लखनऊ के थाने में धोखाधड़ी जालसाजी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## कंट्रोल रूम से एसपी ने जिले के 15 चौराहों की देखी लाइव गतिविधियां

**संवाददाता–महराजगंज।** पुलिस कार्यालय के कंट्रोल रूम से एसपी सोमेन्द्र मीना ने जिले के पन्द्रह चौराहों की लाइव गतिविधियां एलईडी स्क्रीन पर देखा। इससे पुलिस कर्मी ड्यूटी पर मुस्तैद नजर आए। 15 चौराहों पर कहीं भी संदिग्धा गतिविधि दिखाई देने पर कंट्रोल रूम से फौरन वहां ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को फोन कर आगाह किया जा रहा है। जिले के 15 प्रमुख चौराहों पर पुलिस विभाग द्वारा लगाए गए उच्च क्षमता के सीसीटीवी कैमरे को इंटरनेट के माध्यम से पुलिस कार्यालय के कंट्रोल रूम से जोड़ दिया गया है। इन चौराहों की कंट्रोल रूम से आनाइन निगरानी शुरू हो गई। पुलिस कार्यालय के कंट्रोल रूम में बड़ी स्क्रीन की एलईडी लगाई गई है। इससे कंट्रोल रूम में बैठे–बैठे ही स्पष्ट रूप से दिख रहा है कि चौराहे से कौन–कौन से वाहन गुजरे? लोगों का चेहरा भी स्पष्ट रूप से नजर आ रहा है। एसपी सोमेन्द्र मीना ने मुजरी, घुघुली के नेबुआ मोड़ तिराहा, सिन्दुरिया चौराहा की आनलाइन लाइव गतिविधियां कंट्रोल रूम में देखा। जिले के परतावल, मुजरी, फरेंदा दक्षिणी बाइपास, नौतनवा का बनैलिया मंदिर चौराहा, ठूठीबारी चौराहा समेत पन्द्रह प्रमुख संवेदनशील चौराहे की सभी गतिविधियों की निगरानी कंट्रोल रूम से महानगरों की तर्ज पर चौबीस घंटे शुरू कर दी गई है। इसके लिए पुलिस कर्मियों की शिफ्टवार ड्यूटी लगाई गई है। इन चौराहों पर दुर्घटना या अन्य घटना की दशा में कंट्रोल रूम से ही फुटेज प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों के दायित्व निर्वहन की जानकारी भी मिलती रहेगी। इससे कानून व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिलेगी।

जिले के संवेदनशील 15 चौराहों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरा की लाइव रिकार्डिंग पुलिस कार्यालय के कंट्रोल रूम में सीधे दिखने की खबर मिलते ही वहां तैनात पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया। पूरा चौराहा सीसीटीवी की जद में आने के बाद ड्यूटी के दौरान पुलिस कर्मी पूरी तरह मुस्तैद दिखे। शिफ्ट खत्म होने के बाद चौराहा से किनारे हटने के बाद राहत की सांस लिए। एक पुलिस कर्मी ने कहा कि अब ड्यूटी बड़ी कठिन हो गई है। आनलाइन का दौर है। हर गतिविधियों पर अब विभाग की खुद नजर है। सोमेन्द्र मीन, एसपी ने कहा कि जिले के 15 चौराहों पर लगाए गए सीसीटीवी फुटेज को पुलिस कार्यालय के कंट्रोल रूम से जोड़ दिया गया है। अब यहीं से इन चौराहों की सभी गतिविधियां आसानी से देखी जा सकती हैं। इससे पुलिसिंग बेहतर होगी। अन्य चौराहों पर पुलिस विभाग से लगाए गए सीसीटीवी कैमरे को कंट्रोल रूम से जोड़ा जाएगा।

## संतों की सराय स्थल है सद्गुरू सदन पापमोचन घाट



**–भारतीय बस्ती संवाददाता–**

अयोध्या। अयोध्या के पश्चिम उत्तर तट पापमोचन घाट पर विराजमान सद्गुरू सदन संतों की तपस्थली रही है यहीं पर तपस्या करके स्वामी राम वल्लभा शरण महाराज ने सद्गुरू सदन की स्थापना की और ऐसी मान्यता है कि पूरे वर्ष भर तीर्थराज प्रयाग लोगों का पाप समाप्त करते हैं और चौत्र शुक्ल पक्ष की रामनवमी पर यही स्नान करते हैं तो पूरे वर्ष भर लोगों के पाप समाप्त करने से जो उनका कल हो गया था पुनः सफेद हो जाता है उन्हें स्वामी राम वल्लभा शरण महाराज के गुरु पंडित जानकीवर शरण महाराज की पुण्यतिथि वर्तमान महंत सियाकिशोरी शरण महाराज के संयोजन में मनाई गई। अधिकारी बालमुकुंद शरण महाराज ने बताया कि प्रत्येक वर्ष माघ कृष्ण पक्ष मौनी अमावस्या तिथि पर संस्थापक गुरुदेव भगवान के गुरु महाराज की पुण्यतिथि मनाई जाती है इस वर्ष यह पुण्यतिथि सद्गुरू सदन के नवनिर्मित श्री गुरुदेव सदन में मनाई गई जहां संतों महंतों ने श्री महाराज जी को अपनी भावांजलि समर्पित की सभी ने कहा कि सद्गुरू सदन संतों की सराय स्थली रही है यहां निरंतर संतों की सेवा होती रहती है। इस अवसर पर पुजारी अंबारी शरण महाराज ने आए हुए अतिथियों का स्वागत सम्मान किया।

# रामलला के दरबार में 11 फरवरी को पौने चार घंटे रहेगी यूपी की पूरी सरकार



**संवाददाता–अयोध्या।** रामलला के दरबार में हाजिरी लगाने के लिए प्रदेश सरकार के सभी मंत्री और विधायकगण इस बार सरकारी बसों से आएंगे। 11 फरवरी को सरकार के सभी विधायकों का आना प्रस्तावित है। इनकी अयोध्याधाम यात्रा विधान भवन लखनऊ से शुरू होगी। रोडवेज विभाग के शेड्यूल के अनुसार, बसों का काफिला सुबह 8:30 बजे लखनऊ से अयोध्या धाम के लिए निकलेगा। बसों का यह काफिला 11:30 बजे अयोध्या धाम पहुंचेगा। 11:30 से 12रू30 बजे तक सभी हनुमानगढ़ी में पूजा अर्चना करेंगे। यहां से सभी राममंदिर में रामलला के दर्शन के लिए जाएंगे। इसके लिए 12:30 से दो बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। दो से तीन बजे तक लंच का समय होगा। सवा तीन बजे बसों का काफिला फिर लखनऊ के लिए रवाना हो जाएगा। इस तरह से योगी सरकार राम मंदिर और हनुमान गढ़ी में करीब पौने चार घंटे रहेगी। अयोध्या के लिए यह दूसरा मौका होगा जब पूरी प्रदेश सरकार यहां होगी।

बीते नौ नवंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पूरी कैबिनेट यहां थी। इस बार कैबिनेट की बैठक नहीं होगी, लेकिन यात्रा में विधायकगण भी शामिल होंगे।

## स्कूल से घर लौट रहे शिक्षक को रोक कर मनबढ़ों ने पीटा

**संवाददाता–गोरखपुर।** पीपीगंज के भरवल गांव के पास स्कूल से घर लौट रहे शिक्षक सुनील कुमार मिश्रा को सात आठ की संख्या में मनबढ़ों ने शुक्रवार को मार पीट कर सिर फोड़ दिया। घायल शिक्षक ने पीपीगंज पुलिस को तहरीर दी है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपियों की पहचान शुरू कर दी है। कैम्पियरगंज थाना क्षेत्र ग्राम सभा राखूखोर टोला लालपुर गांव निवासी सुनील कुमार मिश्रा पीपीगंज क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में स्थित जीवन ज्योति इंटर कालेज में शिक्षक हैं। जहां से शुक्रवार को लगभग तीन बजे दिन में पढ़ाकर घर जा रहे थे कि भरवल गांव के पास बाइक सवार सात आठ अज्ञात मनबढ़ों ने घेरकर शिक्षक को मार पीटकर उसका सिर फोड़ दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे प्रधानाचार्य कन्हैया लाल जायसवाल ने शिक्षक को इलाज कराने के बाद थाने लेकर पहुंचे। घायल शिक्षक सुनील कुमार मिश्रा ने पीपीगंज पुलिस को तहरीर दी है। पीपीगंज पुलिस तहरीर लेकर भरवल गांव के पास सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर मनबढ़ों की पहचान की कोशिश में जुट गई है। पीपीगंज थानाध्यक्ष प्रेम पाल सिंह ने बताया मनबढ़ों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# हर हर गंगे–जय शिव शंकर के जयकारों के साथ लगाई आस्था की डुबकी



**संवाददाता–गोरखपुर।** हर हर गंगे–जय शिव शंकर के जयकारों के साथ राप्ती नदी के श्री रामघाट व श्री गोरक्षघाट पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान लोगों ने गाय की बछिया को दान कर वैतरणी पार करने की मंगल कामना की। माघ कृष्ण अमावस्या शुक्रवार को लोगों ने परंपरागत रूप से मनाई। जो लोग पवित्र नदियों में जाने में असमर्थ रहे उन्होंने घर पर ही पानी में गंगाजल डालकर स्नान करने के बाद दान किया। माघ मास में गंगा सहित पवित्र नदियों में स्नान का विशेष महत्व है। वहीं मौनी अमावस्या के दिन मौन रहकर पवित्र नदी में स्नान दान करना बहुत ही शुभ माना गया है। भोर में ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु राप्ती नदी के तट पर पहुंच गए। नदी में स्नान के बाद तिल गुड़, तेल, आंवला, वस्त्र आदि का भी दान किया। इस दौरान कुछ श्रद्धालु ब्राह्मणों को भोजन करते हुए भी दिखाई दिए। घाट पर परिवार के साथ पहुंचे राम अवतार ने बताया कि इसके पहले कई बार वह प्रयागराज में कल्पवास पर भी एक महीने तक रहे हैं। वहां नहीं जा पाने की स्थिति में अब राप्ती नदी के तट पर हर वर्ष मौनी अमावस्या के दिन स्नान कर ब्राह्मणों को भोजन करते हैं।

# अब तो यहां आना–जाना लगा ही रहेगा, रहूं कहीं भी इमेज 'छोरा गंगा किनारे वाली' की ही रही –अमिताभ बच्चन



**संवाददाता–अयोध्या।** सदी के महानायक अमिताभ बच्चन ने राम की नगरी अयोध्या और यहां के लोगों से अलग ही अपनत्व भरा नाता जोड़ लिया। प्रशंसकों की उमड़ी भीड़ का अभिवादन स्वीकार करते हुए न सिर्फ जयश्रीराम का उद्घोष किया बल्कि बचपन में पिता हरिवंश राय बच्चन से सुनी अवधी कहावत का उल्लेख कर हर किसी का दिल भी जीत लिया। शुक्रवार को अमिताभ अयोध्या में थे। यहां सिविल लाइन में एक ज्वेलरी शोरूम के उदघाटन के अवसर पर उन्होंने अपने चाहने वालों को निराश नहीं किया। उनसे संवाद कर आत्मीयता के साथ मन की बात की। बच्चन ने कहा कि 22 जनवरी को हम रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पावन अवसर पर यहां आए थे, आज फिर आए हैं। ऐसा मेरा मानना है कि अब अयोध्या आना–जाना निरंतर लगा रहेगा।

महानायक ने अपने उत्साहित प्रशंसकों को संबोधित करते हुए कहा कि जब हम कई जगह जाते हैं तो वहां के लोग कहते हैं कि आप तो मुंबई में रहते हैं। यहां आना–जाना नहीं होगा, ऐसे में कैसे आपके साथ ताल्लुक बढ़ाया जाएगा। चूंकि हमारी पैदाइश इलाहाबाद में हुई और उसके बाद हम दिल्ली, कोलकाता और मुंबई में रहे। अपने बाबू जी (हरिवंश राय बच्चन) का जिक्र करते हुए अमिताभ ने बताया कि वे बचपन में बताते थे कि आपका ताल्लुक उत्तर प्रदेश से है। साथ ही अवधी की एक कहावत हाथी घूमे गांव–गांव जेकर हाथी ओकर नाव सुनाया करते थे। ये सच है कि हम कोलकाता, दिल्ली और मुंबई में रहे लेकिन जहां कहीं भी रहे कहलाए गए 'छोरा गंगा किनारे वाला'।

महानायक अमिताभ बच्चन ने अयोध्या प्रवास के दौरान करीब ढाई घंटे का वक्त कमिश्नर गौरव दयाल के बंगले पर बिताया। यहां पहुंचने पर कमिश्नर ने उनकी अगवानी की। इस दौरान वह कुछ समय बाहर लॉन में धूप में बैठे तो थोड़ा समय अपनी वैनिटी वैन में भी बिताया। काफी समय बंगले के भीतर ड्राइंग रूम में भी रहे। इस दौरान उन्हें दाल–रोटी और पूड़ी–सब्जी के साथ कुछ और पकवान परोसे गए लेकिन उनके विशेष आग्रह पर बनवाई गई साबुदाना की खिचड़ी ही उन्होंने बेहद चाव से खाई। इसी कड़ी में प्रख्यात संगीत अध्येता और अयोध्या राज परिवार के सदस्य यतींद्र मिश्र ने उन्हें गुलजार पर लिखी अपनी पुस्तक भेंट की। आईजी प्रवीण कुमार ने अपनी कविताओं का संकलन दिया। जाते समय अमिताभ कमिश्नर दयाल को मुंबई आने का न्योता भी दे गए, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया।

## सीसीएफ रेणू सिंह ने बसौढ़ी नर्सरी का निरीक्षण किया

**संवाददाता–अयोध्या।** वर्षा काल में होने वाले पौधरोपण महाअभियान की तैयारियों का यूपी मध्य क्षेत्र की मुख्य वन संरक्षक रेणू सिंह ने शुक्रवार को सीसीएफ रूदौली वन रेंज की पौधशाला बसौड़ी का निरीक्षण किया। वन क्षेत्राधिकारी जेपी के साथ उन्हें सलामी दी गई और पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। सीसीएफ रेणू सिंह ने पौधशाला में स्थापित शिवलिंग पर पुष्प व जल अर्पित कर पौधशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य वन संरक्षक ने सभी क्यारियों में रोपित पौधों का क्रमवार बारीकी से निरीक्षण किया और थैले में उगाए जाने वाले प्रजातिवार पौधों के बारे में जानकारी ली।

# पल–पल की गतिविधि पर होगी तीसरी आंख की नजर

**संवाददाता–अयोध्या।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित वर्ष 2024 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षाएं 22 फरवरी से शुरू हो रही हैं। इस बार भी परीक्षा केन्द्रों पर हर गतिविधि पर तीसरी आंख की नजर होगी। परीक्षा की वेबकास्टिंग भी की जाएगी। इसके लिए राजकीय इंटर कॉलेज अयोध्या में मानीटरिंग सेल की स्थापना की गई है।

हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा जनपद स्थित विभिन्न 116 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होने जा रही है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि प्रत्येक परीक्षा केन्द्र के कमरों में सीसीटीवी कैमरे और वाइस रिकार्डर लगाए गए हैं। सभी परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया गया है कि सीसीटीवी कैमरों को हर समय तैयार रखें। परीक्षा के समय परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश करते समय ही परीक्षार्थियों की जांच की जाएगी। परीक्षार्थियों को मोबाइल, पेजर, कोई इलेक्ट्रानिक सामान साथ ले जाना वर्जित किया गया है। दोनो पालियों की परीक्षा की वेबकास्टिंग की जाएगी। इसका सीधा प्रसारण होगा जिसे जिला मानीटरिंग सेल से देखा जाएगा। यदि कहीं कोई गड़बड़ी प्रदर्शित होगी तो तत्काल केन्द्र व्यवस्थापक को निर्देशित किया जाएगा।

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश कुमार आर्य ने बताया कि परीक्षा के सुचारू संचालन व प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से जिला विद्यालय निरीक्षक की ओर से राजकीय इण्टर कालेज अयोध्या में स्थापित मानिटरिंग वेबकास्टिंग सेल के लिए चन्द्र शेखर पटेल, प्रधानाध्यापक, राजकीय हाईस्कूल, कोदनिया को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। परीक्षा प्रारम्भ होने के पूर्व15 फरवरी से सम्पूर्ण परीक्षा अवधि में जनपदीय मानिटरिंग सेल में प्रातरू साढे छह बजे से सीलिंग पैकिंग समाप्ति तक उपस्थित रहेंगे।

## मैजिक की ठोकर से गेट का बैरियर टूटा घंटों हलकान रहे लोग

**संवाददाता–गोरखपुर।** चिलुआताल क्षेत्र के नकहा रेलवे क्रॉसिंग का पूर्वी बैरियर मैजिक की ठोकर से टूट गया। इससे आने जाने वाले लोग घंटों हलकान रहे। सूचना पर पहुंचे आरपीएफ के जवानों ने मैजिक को अपने कब्जे में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है। शुक्रवार को लगभग ढाई बजे रेलवे गेट बन्द करते समय रेलवे गेट का पूर्वी बैरियर छतिग्रस्त हो जाने की वजह से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दो पहिया वाहन तो किसी तरह से लोग निकाल कर आ–जा रहे थे मगर अन्य सभी वाहनों के चालकों को काफी मशक्कत झेलनी पड़ रही थी।

# ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**संवाददाता–संतकबीरनगर।** शुक्रवार को गोरखपुर जनपद के सीहापार हाल्ट के समीप ट्रेन से गिरने के कारण एक युवक की मौत हो गई। वह भाजपा नेता व पूर्व नगर अध्यक्ष पियूष सिंह के भाई थे। घटना की सूचना पर अस्पताल पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

महुली थाना क्षेत्र के अम्मा देई गांव निवासी विपुल राज सिंह उर्फ बंटी (33) पुत्र स्वर्गीय अनूप सिंह की ट्रेन से गिरने के कारण मौत हो गई। परिजनों के अनुसार वह ट्रेन से आ रहे थे लेकिन वह सीहापार हाल्ट के समीप अचानक गिर गए। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी राहगीरों ने घायल के मोबाइल से परिजनों को दी। जिस पर घटना स्थल पर पहुंचने के बाद उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया जा रहा रहा था। अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई।

# मौनी अमावस्या पर पावन सरयू में श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी



**संवाददाता–संतकबीरनगर।** संतकबीरनगर जिले में मौनी अमावस्या के पर्व पर धनघटा तहसील क्षेत्र के बिड़हर घाट पर पवित्र सरयू नदी में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। इसके साथ–साथ दान पुण्य कर मेले का आनंद उठाया। मेले की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस व्यवस्था चाक चौबंद रही तो वहीं एसडीएम और सीओ सुरक्षा व्यवस्था के लिए निगाहें लगाए रहे ।

तहसील क्षेत्र के बिड़हरघाट पर मौनी अमावस्या पर जिले के साथ ही गैर जनपदों से श्रद्धालु स्नान करने के लिए पहुंचे। आस्था के साथ पवित्र सरयू नदी में डुबकी लगाने के साथ–साथ गोदान कर दान पुण्य कमाया। सरयू मां को कड़ाही चढ़ाने के साथ–साथ सत्यरायण भगगवान की कथा सुनकर लोगों ने पुण्यार्जन किया। परिवार के कल्याण की कामना किया। श्रद्धालुओं ने मेले में लगी दुकानों पर गृहपयोगी सामानों व महिलाओं ने श्रृंगार सामग्री की खरीदारी भी किए। मेले की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस कर्मी जहां पूरी मुस्तैदी से लगे रहे वहीं एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव और सीओ केशवनाथ की निगाहें चारों तरफ सुरक्षा व्यवस्था के लिए लगी रही।

# जिला चिकित्सालय के ओपीडी के पास का हिस्सा नो साउंड जोन घोषित

**संवाददाता–अयोध्या।** जिला चिकित्सालय के ओपीडी के पास का हिस्सा नो साउन्ड जोन घोषित कर दिया गया है। इमरजेंसी के पास स्थित पर्चा काउंटर से वाहनों का ओपीडी की तरफ जाना बंद कर दिया गया है। इससे ओपीडी में इलाज के लिए जाने वाले मरीजों को स्टेचर से ले जाने में आसानी होगी। लेकिन वाहनों की संख्या के कारण अस्पताल के दूसरी तरफ दबाव बढ़ गया है। जिला चिकित्सालय में सबसे बड़ी समस्या कार पार्किंग को लेकर है। ब्लड बैंक के अगल बगल तीमारदार अपनी कार पार्क करते है। यहां तीमारदार अपनी मोटरसाईकिलें भी खड़ी करते है। कार की पार्क की वजह से इस जगह पर कई बार दिन में वाहन इस तरह से फंस जाते है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। ओपीडी के पास वाहन न खड़े होने की वजह से तीमारदारों व मरीजों को आवागमन में होने वाली दिक्कतें समाप्त हो गयी है। वाहन पार्क करने के कारण यहां बेवजह लगने वाली भीड़ भी खत्म हो गई है। प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डा एनपी गुप्ता ने बताया कि जिला चिकित्सालय में पार्किंग व्यवस्था ठीक कर दी गई है। ब्लड बैंक के सामने होने वाले एम्बुलेंस के पार्किंग की अन्य जगह व्यवस्था की जा रही है। जिससे यहां कार व मोटरसाईकिल खड़ी होने में आने वाली दिक्कतों को दूर किया जा सके। इसके साथ में चिकित्सालय की सफाई व्यवस्था को ठीक करने पर फोकस है। जिला चिकित्सालय में निस्प्रयोज्य सामानों के नीलामी की प्रक्रिया फिर से शुरु की जायेगी। इससे पहले टेक्नोलाजिस्ट की रिपोर्ट लगाये बिना सामानों को निस्प्रयोज्य घोषित करने को लेकर सवाल उठे थे। प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डा एनपी गुप्ता ने बताया कि नीलामी की प्रक्रिया फिर से शुरु की जाएगी।

# रामनवमी पर एक करोड़ श्रद्धालु आ सकते हैं अयोध्या ट्रस्ट और प्रशासन अभी से जुटे तैयारियों में



**संवाददाता–अयोध्या।** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से ही रामनगरी में श्रद्धालुओं का रेला उमड़ रहा है। रोजाना डेढ़ से दो लाख भक्त रामलला के दरबार में हाजिरी लगा रहे हैं। 18 दिनों में करीब 40 लाख भक्त रामलला के दरबार में दर्शन–पूजन कर चुके हैं। भीड़ का क्रम लगातार जारी है। एक अनुमान के मुताबिक रामनवमी में एक करोड़ श्रद्धालु अयोध्या आ सकते हैं। प्रशासन अभी से भीड़ नियंत्रण की योजना पर काम करने लगा है। इसके लिए वैकल्पिक मार्ग तैयार किए जा रहे हैं। रामनवमी मेला नौ दिनों का होता है। मुख्य पर्व चौत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को रामजन्मोत्सव में रूप में मनाया जाता है। इस बार रामनवमी 17 अप्रैल को मनाई जाएगी। उत्सव की शुरुआत चौत्र नवरात्र के शुभारंभ के साथ हो जाएगी। नौ दिनों तक अयोध्या में कथा, प्रवचन समेत अन्य अनुष्ठानों की धूम रहेगी। पिछले साल रामनवमी के दिन करीब सवा दो लाख भक्तों ने अस्थाई मंदिर में विराजे रामलला के दर्शन किए थे। जबकि अयोध्या में 25 लाख श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी थी। उस समय रामलला का दर्शन मार्ग संकरा था, अस्थायी मंदिर में सुविधाओं का अभाव था, गर्भगृह परिसर की क्षमता भी कम थी लेकिन अब सुविधाओं की भरमार है। 100 फीट चौड़ा राम जन्मभूमि पथ बन गया है। रामलला भव्य महल में विराजमान हो गए हैं। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि रामनवमी में करीब एक करोड़ अयोध्या पहुंच सकते हैं। भीड़ बढ़ने पर क्षीरेश्वरनाथ मंदिर के सामने स्थित राम जन्मभूमि के गेट नंबर तीन से श्रद्धालुओं की निकासी करने का निर्णय लिया गया है। 40 फीट चौड़ा यह यह मार्ग भी बनकर तैयार हो चुका है। पहले इस मार्ग का प्रयोग वीआईपी मूवमेंट के लिए होता था। साथ ही मंदिर परिसर के उत्तर दिशा में भी एक नया रास्ता बनाया जा रहा है। रेलवे स्टेशन से राम जन्मभूमि पथ को जोड़ने के लिए सुग्रीव पथ भी तैयार करने की योजना है।

**अदालती नोटिस**

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

न्यायालय–श्रीमान अपर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय बस्ती जिला–बस्ती

वाद सं0 577 / 2018

सदानन्द

बनाम

ममता

1. ममता पुत्री ब्रम्हादीन पाठक निवासी ग्राम मटिहिनिया पोस्ट हर्रैया तप्पा पुरैना परगना अमोढ़ा तहसील हर्रैया जिला–बस्ती
2. राजेश कुमार पुत्र सूर्य नारायण पाण्डेय निवासी सम्राटनगर हर्रैया तप्पा पुरैना परगना अमोढ़ा तहसील हर्रैया जिला–बस्ती

**तारीख पेशी 12–02–2024**

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 12 माह 02 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 08 माह 02 सन 2024 ई0 जारी किया गया। **द0 हाकिम**

**अदालती नोटिस**

वाद के निपटारे के लिये सम्मन

(आदेश 5 के नियम 1 और 5 व्या0प्र0 संहिता 1908)

मूलवाद संख्या 296 / 2021

न्यायालय– श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) स्थान–बांसी जिला–सिद्धार्थनगर

श्रीमती रूबीना

बनाम

अरविन्द कुमार पाण्डेय आदि

1. अरविन्द कुमार पुत्र बलिराज पाण्डेय साकिन मूजडीह तप्पा खेसरहा पो0 नरैठिया बाजार परगना बांसी पूरव तहसील बांसी जिला–सिद्धार्थनगर –प्रतिवादी प्रथम वर्ग
2. सताउल्लाह पुत्र अनारूल्लाह साकिन मुडिला मिश्र तप्पा कुदारन परगना बांसी पूरव तहसील बांसी जिला सिद्धार्थनगर 3. जाकिर हुसैन पुत्र लालबहादुर साकिन सहराव तप्पा खेसरहा परगना बांसी पूरव तहसील बांसी जिला–सिद्धार्थनगर –प्रतिवादी द्वितीय वर्ग

**तारीख पेशी 05–03–2024**

प्रतिवादी ने आपके विरूद्ध के लिये वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में दिनांक **05–03–2024** को दिन में 10 बजे वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे अधिवक्ता प्लीडर द्वारा उप संजात हो सकते हैं। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो बात से सम्बंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके न्यायालय में आपके उप संजात के लिये जो दिन नियत किया गया है वह इस वाद के अन्तिम निपटारे के लिये नियत दिन है। इसलिये आपको उस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिये तैयार रहना चाहिये जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते हैं।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि अगर ऊपर बतायी गयी तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह आज तारीख को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायाधीश

# विश्वस्तरीय कंपनी बनाएगी कन्वेंशन सेंटर, तीन कंपनियों में होगा चयन



**संवाददाता–गोरखपुर।** रामगढ़ताल के किनारे प्रस्तावित विश्वस्तरीय कन्वेंशन सेंटर का निर्माण एवं संचालित करने वाली कंपनी का चयन कर लिया गया है। चंपा देवी पार्क के 25 एकड़ जमीन पर इसका निर्माण सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल पर किया जाएगा। निर्माण के लिए तकनीकी एवं वित्तीय बोली के आधार पर तीन कंपनियों के बीच से क्वानो एवं जेएमटी रियलटी प्राइवेट लिमिटेड का चयन किया गया है। यह कंपनी तीन वर्ष में निर्माण पूरा करेगी और उसके बाद 33 वर्ष तक संचालन का जिम्मा संभालेगी। चयनित कंपनी को शुक्रवार को कार्य आदेश (वर्क आर्डर) दे दिया जाएगा। प्राधिकरण की ओर से रिक्वेस्ट फार प्रपोजल (आरएफपी) के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए गए थे। इसमें मुंबई का गरुड़ कंस्ट्रक्शन, गोरखपुर की केके कंस्ट्रक्शन व क्वानो एवं जेएमटी रियलटी प्राइवेट लिमिटेड ने आवेदन किया था। अधिकतम अपफ्रंट डेवलपमेंट प्रीमियम (रिजर्व प्राइस) पर क्वानो एवं जेएमटी रियलटी प्राइवेट लिमिटेड को कन्वेंशन सेंटर को विकसित करने का अधिकार मिला है। जीडीए की ओर से 51 करोड़ रुपये की रिजर्व प्राइस निर्धारित की गई थी।

प्रभारी मुख्य अभियंता किशन सिंह ने बताया कि इस कंपनी ने 51 करोड़ 51 लाख रुपये की बोली लगाई है। कंपनी यह धनराशि जीडीए में जमा करेगी। जीएसटी अलग से देनी होगी। तीन वर्ष में निर्माण पूरा होने के बाद संचालन करते हुए कंपनी हर वर्ष 12 करोड़ रुपये 10 वर्ष तक जीडीए को देगी। कंपनी को कन्वेंशन सेंटर एवं अन्य सुविधाओं के संचालन का अधिकार 33 साल के लिए लीज पर मिलेगा। कन्वेंशन सेंटर निर्माण के बदले फर्म को फाइव स्टार होटल के लिए 6.5 एकड़ जमीन 99 साल की लीज पर दी जाएगी। होटल में न्यूनतम 150 कमरे रखने होंगे। यहां व्यावसायिक उपयोग भी किया जा सकेगा। जीडीए उपाध्यक्ष आनंद वर्द्धान ने कहा कि विश्व स्तरीय कन्वेंशन सेंटर के निर्माण एवं संचालन के लिए कंपनी का चयन कर लिया गया है। शुक्रवार को कार्य आदेश जारी कर दिया जाएगा। तीन वर्ष में निर्माण पूरा करना होगा। यह कन्वेंशन सेंटर शहर की सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र होगा। इस परियोजना के निर्माण में जीडीए को धनराशि नहीं खर्च करनी होगी।

## मौरंग लदा ओवरलोड ट्रक पलटा, बाल– बाल बचे लोग

**संवाददाता–अयोध्या।** मवई थाना क्षेत्र के शारदा सहायक नहर पटरी के बिगिनियपुल नेवरा सम्पर्क मार्ग पर नए पुरवा नरौली पुल के निकट शुक्रवार की दोपहर मौरंग लादकर नया पुरवा गांव जा रहा एक ओवरलोड ट्रक पलट गया। हालांकि आस– पास के दुकानदार प रास्ते से गुजर रहे लोग बाल–बाल बच गए। ट्रक पलटने से लोगो की भीड़ जमा हो गई और आवागमन बाधित रहा।

शुक्रवार दोपहर लगभग एक बजे मौरंग लदी ट्रक नया पुरवा जा रही थी। नया पुरवा पुल के पास ट्रक को बैक करते समय खाई में पलट गई। ट्रक चालक तथा परिचालक दोनों लोग सुरक्षित बच गए।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बस्ती**

**अति अल्प कालिक निविदा सूचना**

सम्बंधित फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद बस्ती में पी०एम० स्वनिधि प्रोफाइलिंग किये जाने हेतु मुहरबंद निविदा दर दिनांक 17 / 2 / 2024 को अपरान्ह 03.00 बजे तक आमन्त्रित किये जायेगें। निविदा फार्म कार्यालय में 500 रु0 जमा कर दिनांक 17 / 02 / 2024 को दोपहर 12.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है जो उसी दिन सायं 04.00 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा निविदादाताओ के समक्ष खोले जायेगें। निविदा पपत्र के साथ 20000.00 (बीस हजार मात्र) का एफ०डी० / डी०डी० जो अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद बस्ती के नाम बन्धक हो जमा करना अनिवार्य होगा। सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी। किसी भी एक अथवा सभी निविदाओ को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**अधिशाषी अधिकारी**
उप जिलाधिकारी (न्यायिक)
नगर पालिका परिषद वस्ती।

पत्रांक 7058B न०पा०प०ब० / दिनांक–09–02–2024

**दैनिक भारतीय बस्ती**

**स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक प्रदीप चन्द्र पाण्डेय द्वारा दर्पण प्रिन्टिंग प्रेस वि0. नया हाल 1–4 A लोहिया काम्पलेक्स जिला पंचायत भवन गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।**

**सम्पादक दिनेश चन्द्र पाण्डेय**

प्रबन्ध सम्पादक–**दिनेश सिंह**
संयुक्त सम्पादक–**प्रदीप चन्द्र पाण्डेय**
**अयोध्या–फैजाबाद कार्यालय–**
चतुर्भुजी मंदिर परिसर लक्ष्मण घाट अयोध्या–फैजाबाद
**लखनऊ कार्यालय–**
आशियाना चौराहा, एल.डी.ए. कालोनी, सेक्टर एच. कानपुर रोड लखनऊ।
**गोरखपुर कार्यालय–**
इलाहीबाग गोरखपुर।
मो09450567450 9336715406,
ई.मेल**bhartiyabasti@yahoo.com**
**bhartiyabasti@gmail.com**